Publish Date : 15-03-2024

**Question 1:**

बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली (VSHORADS) मिसाइल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. VSHORADS, एक मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम (MANPAD), DRDO प्रयोगशालाओं के सहयोग से रिसर्च सेंटर इमारत (RCI) द्वारा विकसित एक स्वदेशी मिसाइल है।
2. इस मिसाइल को अत्यधिक अनुकूलित डिज़ाइन के कारण आसान पोर्टेबिलिटी सुनिश्चित करते हुए कम दूरी पर कम ऊँचाई वाले हवाई खतरों को निरस्त करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 4

## Explanation

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) ने बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली** (VSHORADS) मिसाइल के **दो सफल उड़ान परीक्षण** किये।

- ये परीक्षण एकीकृत **परीक्षण रेंज, चाँदीपुर में ओडिशा** के तट पर एक ग्राउंड-आधारित पोर्टेबल लॉन्चर से किये गए थे और इसमें विभिन्न अवरोधन परिदृश्यों में उच्च गति वाले मानव रहित हवाई लक्ष्यों को लक्षित किया गया था।
- **VSHORADS,** एक मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम (MANPAD), अन्य **DRDO प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योग भागीदारों के सहयोग** से रिसर्च सेंटर इमारत (RCI) द्वारा विकसित एक स्वदेशी मिसाइल है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **ड्यूल थ्रस्ट वाले ठोस मोटर द्वारा संचालित इस** मिसाइल को अत्यधिक अनुकूलित डिज़ाइन के कारण आसान पोर्टेबिलिटी सुनिश्चित करते हुए कम दूरी पर कम ऊँचाई वाले हवाई खतरों को बेअसर करने के लिये डिज़ाइन किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**

[और पढ़ें...](#)

---

**Question 2:**

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (PMUY) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 2015 में रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने ग्रामीण तथा वंचित परिवारों को LPG जैसा स्वच्छ खाना पकाने का ईंधन प्रदान करने के लिये PMUY की शुरुआत की।
2. उज्ज्वला 2.0 ( PMUY का चरण-2) के तहत प्रवासी परिवारों के लिये पते के प्रमाण (PoA) और राशन कार्ड (RC) के स्थान पर स्व-घोषणा का उपयोग करके नए कनेक्शन का लाभ उठाने के लिये एक विशेष प्रावधान किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 1

## Explanation

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- मई, 2016 में **पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय** ने ग्रामीण तथा वंचित परिवारों को **LPG जैसा स्वच्छ खाना पकाने का ईंधन उपलब्ध कराने** के लिये **'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' (PMUY)** की शुरुआत की। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - इसका उद्देश्य लकड़ी एवं कोयले जैसे पारंपरिक खाना पकाने के ईंधन को प्रतिस्थापित करना था, जिसका ग्रामीण महिलाओं के स्वास्थ्य और साथ ही पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता था।
- **उज्ज्वला 2.0** ( PMUY का चरण-2) के तहत **प्रवासी परिवारों के लिये पते के प्रमाण (PoA) और राशन कार्ड (RC) के स्थान पर स्व-घोषणा का उपयोग करके नए कनेक्शन का लाभ उठाने के लिये एक विशेष प्रावधान** किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**

[और पढ़ें...](#)

---

**Question 3:**

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. फेयर ट्रायल प्रोग्राम (FTP) दिल्ली में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय पर आधारित एक आपराधिक न्याय पहल है। FTP का लक्ष्य विचाराधीन कैदियों के लिये निष्पक्ष परीक्षण सुनिश्चित करना है।
2. FTP राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के साथ सहयोग करने हेतु वकीलों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं जैसे युवा पेशेवरों को प्रशिक्षण एवं सलाह देता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **सतेंद्र कुमार अंतिल बनाम केंद्रीय जाँच ब्यूरो, 2022** के मामले में **भारत के सर्वोच्च न्यायालय** की स्वीकृति, भारत की ज़मानत प्रणाली की अक्षमता और **विचाराधीन कैदियों के संकट** को बढ़ाने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डालती है।
    - यह मान्यता **आपराधिक न्याय प्रणाली** के भीतर प्रणालीगत चुनौतियों का समाधान करने के लिये **ज़मानत कानूनों में सुधार** की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है।
- फेयर ट्रायल प्रोग्राम (FTP) **दिल्ली में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय** पर आधारित एक आपराधिक न्याय पहल है। FTP का लक्ष्य विचाराधीन कैदियों के लिये **निष्पक्ष परीक्षण सुनिश्चित करना** है। **अतः कथन 1 सही है।**
- FTP राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के साथ सहयोग करने हेतु वकीलों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं जैसे युवा पेशेवरों को प्रशिक्षण एवं सलाह देता है। **अतः कथन 2 सही है।**

और पढ़ें...

---

**Question 4:**

अंतर्राज्यीय जल विवाद अधिनियम, 1956 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसमें केंद्र सरकार को उनके अनुरोध पर न्यायाधिकरण स्थापित करने से पूर्व संबंधित राज्यों के बीच परामर्श के माध्यम से एक अंतर-राज्य जल विवाद का समाधान करना होता है।
2. अधिनियम में वर्ष 2002 के संशोधन में जल विवाद न्यायाधिकरणों की स्थापना के लिये एक वर्ष की समय सीमा और निर्णय देने के लिये तीन वर्ष की समय-सीमा शामिल की गई।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1

2. केवल 2

3. 1 और 2 दोनों

4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अंतर्राज्यीय जल विवाद अधिनियम, 1956:**

- **अंतर्राज्यीय जल विवाद (ISWD) अधिनियम, 1956:** यदि कोई विशिष राज्य अथवा राज्यों का समूह अधिकरण के गठन के लिये केंद्र से संपर्क करते हैं तो केंद्र सरकार को संबद्ध राज्यों के बीच परामर्श करके मामले को **हल करने का प्रयास करना चाहिये।** यदि यह काम नहीं करता है तो केंद्र सरकार इस **न्यायाधिकरण** का गठन कर सकती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सरकारिया आयोग की प्रमुख सिफारिशों को शामिल करने के लिये अंतर्राज्यीय जल विवाद अधिनियम, 1956 को वर्ष 2002 में संशोधित किया गया था।
    - इन संशोधनों के बाद से जल विवाद न्यायाधिकरण की स्थापना के लिये **1 वर्ष की समय-सीमा** और निर्णय देने के लिये 3 वर्ष की समय-सीमा को अनिवार्य हो गया। **अतः कथन 2 सही है।**

और पढ़ें...

---

**Question 5:**

लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक तीन-चरणीय प्रक्षेपण यान है जो दो ठोस प्रणोदन चरणों और एक टर्मिनल चरण के रूप में तरल प्रणोदन-आधारित वेग ट्रिमिंग मॉड्यूल (VTM) के साथ कॉन्फिगर किया गया है।
2. यह सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (SDSC) से 500 किमी. की कक्षीय तल में 500 किलोग्राम के उपग्रहों को लॉन्च करने में सक्षम है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1

2. केवल 2

3. 1 और 2 दोनों

4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 2

## Explanation

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (SSLV):**

- **लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (SSLV)** एक तीन चरणों वाला प्रक्षेपण यान है जिसे **तीन ठोस प्रणोदन** चरणों और एक टर्मिनल चरण के रूप में तरल प्रणोदन-आधारित वेग ट्रिमिंग मॉड्यूल (VTM) के साथ कॉन्फ़िगर किया गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- SSLV सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (SDSC) से 500 किमी. की कक्षीय तल में 500 किलोग्राम के उपग्रहों को लॉन्च करने में सक्षम है।**अतः, कथन 2 सही है।**
    - **कक्षीय तल,** जिसे **निम्न भू-कक्षा (**Low Earth orbit- **LEO)** के रूप में भी जाना जाता है, पृथ्वी के चारों ओर एक कक्षा है जो पृथ्वी के भूमध्यरेखीय तल के निकट स्थित है। इस प्रकार की कक्षा में उपग्रह का पथ **पृथ्वी के चारों ओर एक अपेक्षाकृत समतल पृष्ठ** बनाता है।

और पढ़ें...

---

**Question 6:**

इकोसाइड के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे इस प्रकार परिभाषित किया गया है,कि"इस ज्ञान के साथ किये गए गैरकानूनी या अनियंत्रित कृत्य कि उन कृत्यों के कारण पर्यावरण को गंभीर और व्यापक या दीर्घकालिक क्षति होने की पर्याप्त संभावना है।"
2. बेल्जियम यूरोपीय महाद्वीप का पहला देश है, जिसने 'इकोसाइड' को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय अपराध के रूप में मान्यता दी है।

उपर्युक्त में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 4

## Explanation

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**इकोसाइड:**

- इकोसाइड को "**गैरकानूनी या अनियंत्रति कृत्यों** के रूप में परिभाषति किया गया है, जो इस जानकारी के साथ किये गए हैं कि उन कृत्यों के कारण पर्यावरण को गंभीर और व्यापक या दीर्घकालिक क्षति होने की पर्याप्त संभावना है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - यह परिभाषा स्टॉप इकोसाइड फाउंडेशन द्वारा **गठति इकोसाइड** की कानूनी व्याख्या करने वाले **स्वतंत्र वशिषज्ञ पैनल** द्वारा प्रदान की गई थी।
- इकोसाइड को **पर्यावरणीय अपराध** का एक रूप माना जाता है और यह प्रायः **जैवविविधिता, पारिस्थितिकी तंत्र तथा मानव कल्याण पर महत्त्वपूर्ण नकारात्मक प्रभावों** से संबंधित है।
    - पारिस्थितिकी-संहार को एक अपराध के रूप में मान्यता प्रदान करने का उद्देश्य व्यक्तियों और निगमों को उनके कार्यों के लिये जवाबदेह बनाना तथा आगे के पर्यावरणीय क्षरण को रोकना है।
- 12 देशों में पारिस्थितिकी-संहार एक अपराध है और देश ऐसे कानूनों पर विचार कर रहे हैं, जो जान-बूझकर की गई पर्यावरणीय क्षति को अपराध की श्रेणी में रखते हैं, जो मनुष्यों, जानवरों तथा पौधों की प्रजातियों को नुकसान पहुँचाती है।
    - **बेल्जियम** की संघीय संसद ने 'इकोसाइड' को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय अपराध के रूप में मान्यता प्रदान की है, जिसके कारण यह **यूरोपीय महाद्वीप का पहला देश बन गया है। अतः कथन 2 सही है।**
        - यह कानून निर्णय लेने वाली शक्तियों और निगमों में बैठे व्यक्तियों को लक्षित करता है, जिसका उद्देश्य व्यापक तेल रिसाव जैसे गंभीर पर्यावरणीय क्षरण को रोकना तथा दंडित करना है।

और पढ़ें...

---

**Question 7:**

गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. NBFC कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत रजिस्ट्रीकृत एक कंपनी है, जो विभिन्न वित्तीय गतिविधियों में शामिल होती है।
2. NBFC में मुख्य रूप से अचल संपत्तियों के कारोबार से जुड़े संस्थान शामिल हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 1

## Explanation

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC):**
    - NBFC **कंपनी अधिनियम, 1956** के तहत रजिस्ट्रीकृत एक कंपनी है, जो विभिन्न वित्तीय गतिविधियों में शामिल होती है जैसे कि ऋण और अग्रिम प्रदान करना, शेयर, स्टॉक, बंधपत्र, डिबेंचर तथा सरकार अथवा स्थानीय अधिकारियों द्वारा जारी प्रतिभूतियों का अधिग्रहण करना। **अतः कथन 1 सही है।**
- **NBFC में मुख्य रूप से निम्नलिखित कार्यों में संलग्न संस्थान शामिल नहीं हैं:**
    - कृषि अथवा औद्योगिक गतिविधियाँ
    - वस्तु के क्रय अथवा विक्रय (प्रतिभूतियों के अतिरिक्त)
    - सेवाएँ उपलब्ध कराना
    - अचल संपत्ति का व्यापार। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

और पढ़ें...

---

**Question 8:**

रक्षा उत्कृष्टता के लिये नवाचार (iDEX) योजना के साथ एसिंग डेवलपमेंट ऑफ इनोवेटिव टेक्नोलॉजीज़ (ADITI), iDEX (ADITI) योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस योजना के तहत, स्टार्ट-अप्स को रक्षा प्रौद्योगिकी में अपने अनुसंधान, विकास और नवाचार प्रयासों के लिये 25 करोड़ रुपए तक की अनुदान सहायता प्रदान की जाती है।
2. ADITI के पहले संस्करण में, भारतीय सेना, भारतीय नौसेना, भारतीय वायु सेना और रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी से संबंधित 17 चुनौतियाँ लॉन्च की गई हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**रक्षा उत्कृष्टता के लिये नवाचार (iDEX) योजना के साथ एसिंग डेवलपमेंट ऑफ इनोवेटिव टेक्नोलॉजीज (ADITI)**

- **परिचय:**

- वर्ष 2023-24 से वर्ष 2025-26 की अवधि के लिये 750 करोड़ रुपए की ADITI योजना**रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग (DDP) के रक्षा उत्कृष्टता के लिये नवाचार (iDEX) प्रारूप** के अंतर्गत आती है।
- इस योजना के तहत, **स्टार्ट-अप्स** को रक्षा प्रौद्योगिकी में अपने अनुसंधान, विकास और नवाचार प्रयासों के लिये**25 करोड़ रुपए तक** की अनुदान सहायता प्रदान की जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह योजना युवाओं के बीच नवाचार को बढ़ावा देगी और देश को प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद करेगी।
  - ADITI के पहले संस्करण में, 17 चुनौतियाँ- भारतीय सेना (3), भारतीय नौसेना (5), भारतीय वायु सेना (5) और रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी (4) लॉन्च की गई हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

- **उद्देश्य:**
  - इसका लक्ष्य प्रस्तावित समय-सीमा में लगभग **30 डीप-टेक क्रिटिकल और रणनीतिक प्रौद्योगिकियों** को विकसित करना है।
  - इसमें आधुनिक सशस्त्र बलों की अपेक्षाओं और आवश्यकताओं तथा रक्षा नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र की क्षमताओं के बीच अंतर को कम करने हेतु **एक 'टेक्नोलॉजी वॉच टूल' बनाने की** भी परिकल्पना की गई है।

और पढ़ें...

---

**Question 9:**

संसदीय विशेषाधिकारों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अनुच्छेद 105 के तहत, संसदीय विशेषाधिकार संसद के सदस्यों और उनकी समितियों को प्राप्त विशेष अधिकार, उन्मुक्तियाँ तथा छूट हैं।
2. संसद ने सभी विशेषाधिकारों को विस्तृत रूप से संहिताबद्ध करने के लिये कोई विशेष कानून नहीं बनाया है।
3. अनुच्छेद 180 राज्यों की विधान सभाओं के सदस्यों को समान विशेषाधिकार की गारंटी देता है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/हैं?

1. केवल एक
2. केवल दो
3. उपर्युक्त सभी
4. इनमें से कोई भी नहीं

**Correct Answer :** 2

## Explanation

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- संसदीय विशेषाधिकार संसद के सदस्यों और उनकी **समितियों को प्राप्त विशेष अधिकार, उन्मुक्तियाँ तथा छूट** हैं।
  - **भारतीय संविधान के अनुच्छेद 105 में** ये विशेषाधिकार परिभाषित हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
  - **अनुच्छेद 194** राज्यों की विधान सभाओं के सदस्यों को समान विशेषाधिकार की गारंटी देता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- इन विशेषाधिकारों के तहत, संसद सदस्यों को अपने कार्यकाल के दौरान दिये गए किसी भी बयान अथवा किये गए कार्य के लिये किसी भी नागरिक दायित्व (आपराधिक दायित्व को छोड़कर) से छूट दी गई है।
- **संसद ने सभी विशेषाधिकारों को विस्तृत रूप से संहिताबद्ध करने के लिये कोई विशेष कानून नहीं बनाया है। अतः कथन 2 सही है।**

- ये अधिकार पाँच स्रोतों पर आधारित हैं:
  - संवैधानिक प्रावधान
  - संसद द्वारा बनाये गए विभिन्न कानून
  - दोनों सदनों के नियम
  - संसदीय अभिसमय
  - न्यायिक व्याख्याएँ

और पढ़ें...

---

**Question 10:**

निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये:

1. अर्जेंटीना
2. ब्राज़ील
3. पाकिस्तान

उपर्युक्त में से कितने केर्न्स ग्रुप के सदस्य हैं?

1. केवल एक
2. केवल दो
3. सभी तीन
4. इनमें से कोई भी नहीं

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **केर्न्स ग्रुप:**
  - **स्थापना:** वर्ष 1986 में केर्न्स, ऑस्ट्रेलिया में
  - **सदस्य देश:** अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, कनाडा, पाकिस्तान और न्यूज़ीलैंड सहित 19 कृषि निर्यातक देश।
    - **भारत केर्न्स ग्रुप का सदस्य नहीं है।**
  - **स्थिति:** कृषि व्यापार के **उदारीकरण की वकालत** करते हैं, जिसका अर्थ है कि वे आम तौर पर टैरिफ, सब्सिडी और अन्य व्यापार बाधाओं को कम करने का समर्थन करते हैं **जो सीमाओं के पार कृषि उत्पादों के मुक्त प्रवाह में बाधा डालते हैं।** उनका मानना है कि इससे दक्षता और आर्थिक विकास को बढ़ावा देकर सभी देशों को लाभ होगा।
- **अतः विकल्प C सही है।**

और पढ़ें...

---

**Question 11:**

एहोल अभिलेख के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह आंध्र प्रदेश में स्थित है।
2. इसकी रचना प्रसिद्ध कवि पंपा के द्वारा की गई थी।
3. यह अभिलेख चालुक्य वंश, विशेषतः राजा पुलकेशिन द्वितीय को एक गीतात्मक श्रद्धांजलि है।

उपरोक्त में से कितने कथन सही हैं?

1. केवल एक
2. केवल दो
3. सभी तीनों
4. इनमें से कोई नहीं

**Correct Answer :** 1

## Explanation

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **पुलकेशिन द्वितीय का ऐहोल अभिलेख:**
  - यह **कर्नाटक** के ऐहोल में मेगुडी मंदिर में स्थित है, ऐहोल अभिलेख चालुक्य इतिहास में अमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करता है।**अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - इसे प्रसिद्ध कवि रविकृति द्वारा तैयार किया गया था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - यह अभिलेख चालुक्य राजवंश, विशेषतः राजा पुलकेशिन द्वितीय, को सत्य के अवतार (सत्याश्रय) के रूप में प्रशंसित एक गीतात्मक श्रद्धांजलि है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - अभिलेख में विरोधियों पर चालुक्य वंश की विजय का वर्णन है, जिसमें हर्षवर्द्धन की प्रसिद्ध हार भी शामिल है।

और पढ़ें...

---

**Question 12:**

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन-I:** इज़रायल तथा जॉर्डन के बीच की सीमा को ब्लू लाइन के नाम से जाना जाता है।

**कथन-II:** इज़रायल द्वारा दक्षिणी लेबनान से अपनी सेना वापस बुलाने के बाद वर्ष 2000 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा ब्लू लाइन निर्धारित की गई थी।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

1. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।
2. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
3. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
4. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**Correct Answer :** 4

## Explanation

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **"ब्लू लाइन"** उस सीमांकन रेखा को संदर्भित करती है जो **यरूशलेम शहर को दो भागों में विभाजित करती है** अर्थात् **पश्चिमी यरूशलेम** जो मुख्य रूप से यहूदी है और **पूर्वी यरूशलेम** जो मुख्य रूप से फिलिस्तीनी है। यह सीमांकन अस्थायी सीमा के रूप में इज़राइल और जॉर्डन के बीच वर्ष 1949 के युद्धविराम के उपरांत स्थापित किया गई थी।
- ब्लू लाइन कोई भौतिक सीमा नहीं है अपितु मानचित्र पर अंकित एक वैचारिक रेखा है जिसका उपयोग इज़रायल और जॉर्डन-नियंत्रित क्षेत्रों के बीच विभाजन को इंगित करने के लिये किया जाता है।
- **इज़रायल तथा लेबनान के बीच की सीमा** को **"ब्लू लाइन"** के नाम से जाना जाता है। **अतः कथन I सही नहीं है।**
- इसे **वर्ष 2000 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा स्थापित** किया गया था जब **इज़रायल ने दक्षिणी लेबनान से अपनी सेना वापस** बुलाई थी। **अतः कथन II सही है।**
- **अतः कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है।**



[और पढ़ें...]

---

**Question 13:**

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ब्रिटिश सरकार के वर्ष 1863 के धार्मिक बंदोबस्ती अधिनियम का उद्देश्य स्थानीय समितियों को नियंत्रण हस्तांतरित करके मंदिर प्रबंधन को पंथनिरपेक्ष बनाना था।
2. जस्टिस पार्टी ने वर्ष 1927 में मद्रास हिंदू धार्मिक बंदोबस्ती अधिनियम लागू किया, जो मंदिरों को विनियमित करने के लिये एक निर्वाचित सरकार द्वारा किये गए शुरुआती प्रयासों में से एक था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **ब्रिटिश सरकार के वर्ष 1863 के धार्मिक बंदोबस्ती अधिनियम** का उद्देश्य स्थानीय समितियों को नियंत्रण हस्तांतरित करके मंदिर प्रबंधन को पंथनिरपेक्ष बनाना था। **अतः कथन 1 सही है।**
- **जस्टिस पार्टी ने वर्ष 1927** में मद्रास हिंदू धार्मिक बंदोबस्ती अधिनियम लागू किया, जो मंदिरों को विनियमित करने के लिये एक निर्वाचित सरकार द्वारा किये गए शुरुआती प्रयासों में से एक था। **अतः कथन 2 सही है।**
- **वर्ष 1950 में, भारत के विधि आयोग** ने मंदिर के धन के दुरुपयोग को रोकने के लिये कानून बनाने की सिफारिश की, जिसके परिणामस्वरूप **तमिलनाडु हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती (TN HR&CE) अधिनियम, 1951 लागू हुआ।**
    - यह मंदिरों और उनकी संपत्तियों के प्रशासन, सुरक्षा तथा संरक्षण हेतु हिंदू धार्मिक एवं धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग के निर्माण का प्रावधान करता है।

[और पढ़ें...]

---

**Question 14:**

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन-I**: विस्कोस स्टेपल फाइबर (VSF) एक प्राकृतिक, बायोडिग्रेडेबल, अर्द्ध-सिंथेटिक फाइबर है जिसमें कपास के समान गुण होते हैं और इसका प्रयोग व्यापक रूप से परिधान, घरेलू वस्त्र, ड्रेस सामग्री आदि में किया जाता है।

**कथन-II**: गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (QCO) एक गैर-टैरिफ व्यापार प्रतिबंध है जो विनिर्माताओं, आयातकों और वितरकों को भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) से लाइसेंस के बिना उत्पाद का भंडारण या बिक्री करने पर प्रतिबंध लगाता है।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

1. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I के लिये सही स्पष्टीकरण है।

2. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I के लिये सही स्पष्टीकरण नहीं है।

3. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।

4. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**Correct Answer :** 2

## Explanation

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत में **विस्कोस स्टेपल फाइबर** (VSF) पर **सख्त गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (QCO) लागू होने** के एक वर्ष से भी कम समय में वस्त्र आपूर्ति शृंखला में महत्त्वपूर्ण बदलाव हुए हैं।
    - विस्कोस स्टेपल फाइबर (VSF) **एक प्राकृतिक, बायोडिग्रेडेबल, अर्द्ध-सिंथेटिक फाइबर** है जिसमें कपास के समान गुण होते हैं और इसका प्रयोग व्यापक रूप से परिधान, घरेलू वस्त्र, ड्रेस सामग्री आदि में किया जाता है। **अतः कथन I सही है।**
- अप्रैल 2023 में QCO के लागू होने के बाद VSF आयात में **65% की गिरावट** दर्ज की गई।
- QCO एक गैर-टैरिफ व्यापार प्रतिबंध है जो विनिर्माताओं, आयातकों और वितरकों को भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) से लाइसेंस के बिना किसी उत्पाद को संग्रहीत करने अथवा उनके विक्रय पर प्रतिबंध लगाता है। **अतः कथन II सही है।**
- **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I के लिये सही स्पष्टीकरण नहीं है।**

और पढ़ें...

---

**Question 15:**

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अनाज भंडारण योजना का लक्ष्य आगामी 5 वर्षों में 1.25 लाख करोड़ रुपए के निवेश के साथ 700 लाख टन भंडारण क्षमता स्थापित करना है।
2. भारत में विश्व के सबसे बड़े सहकारी नेटवर्कों में से एक है, जिसमें कृषि, ऋण, डेयरी, आवास आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में 800,000 से अधिक सहकारी समितियाँ हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1

2. केवल 2

3. 1 और 2 दोनों

4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- अनाज भंडारण योजना का लक्ष्य आगामी 5 वर्षों में 1.25 लाख करोड़ रुपए के निवेश के साथ **700 लाख टन भंडारण क्षमता स्थापित** करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - इसमें भारत सरकार की विभिन्न मौजूदा योजनाओं को एकीकृत करके**विकेंद्रीकृत गोदामों, कस्टम हायरिंग सेंटरों, प्रसंस्करण इकाइयों, उचित मूल्य की दुकानों** आदि सहित PACS स्तर पर कृषि बुनियादी ढाँचे का निर्माण करना शामिल है।
- सहकारी समितियाँ जन-केंद्रित उद्यम हैं जिनका स्वामित्व, नियंत्रण और संचालन उनके सदस्यों द्वारा उनकी सामान्य आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक आवश्यकताओं व आकांक्षाओं को साकार करने के लिये किया जाता है।
    - भारत में विश्व के सबसे बड़े सहकारी नेटवर्कों में से एक है, जिसमें कृषि, ऋण, डेयरी, आवास और मत्स्य पालन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में 800,000 से अधिक सहकारी समितियाँ हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

और पढ़ें...

---

**Question 16:**

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन -I:** समग्र प्रगति कार्ड (HPC) छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिये एक नवीन दृष्टिकोण है, जो अंकों अथवा ग्रेड पर पारंपरिक निर्भरता से भिन्न है।

**कथन -II:** HPC एक व्यापक 360-डिग्री मूल्यांकन प्रणाली पर आधारित है जो छात्र के विकास और अधिगम के अनुभव के विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित है।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

1. कथन-I व कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

2. कथन-I व कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

3. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।

4. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**Correct Answer :** 1

## Explanation

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **समग्र प्रगति कार्ड (HPC) छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिये एक नवीन दृष्टिकोण है, जो अंकों अथवा ग्रेड पर पारंपरिक निर्भरता से भिन्न है। अतः कथन 1 सही है।**
- यह एक व्यापक **360-डिग्री मूल्यांकन प्रणाली** पर आधारित है जो छात्र के विकास और अधिगम के अनुभव के विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-I के लिये सही स्पष्टीकरण है।**

---

**Question 17:**

भारत में कोयले के उपयोग के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

1. भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं का 50% से अधिक हिस्सा कोयले से प्राप्त होता है।

2. ओडिशा भारत में लिग्नाइट कोयले का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है।

3. भारत की प्रति व्यक्ति कोयले की खपत विकसित देशों की तुलना में कम है।

4. भारत की वर्तमान आयात नीति के तहत कोयला आयात अप्रतिबंधित है।

**Correct Answer :** 2

## Explanation

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- कोयला भारत में सबसे महत्त्वपूर्ण और प्रचुर मात्रा में पाया जाने वाला जीवाश्म ईंधन है। यह देश की **55%** ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति करता है।
- **लिग्नाइट कोयले की विशेषता इसकी कार्बन सामग्री में 40% से 55% के साथ आर्द्रता स्तर का उच्च होना है तथा यह मुख्य रूप से तमिलनाडु, पुडुचेरी, गुजरात, राजस्थान तथा जम्मू-कश्मीर के क्षेत्रों में पाया जाता है।**

    - **तमलिनाडु (ओडिशा नहीं)** लग्निाइट का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य तथा और वर्ष 2022-23 में इसने 22.480 मलियिन टन (MT) का उत्पादन कयिा (कोयला मंत्रालय, भारत सरकार)।
- भारत में वर्तमान में प्रति व्यक्ति कोयले की खपत प्रति वर्ष लगभग **350 कलिोग्राम तेल** की खपत के बराबर है जो वकिसति देशों की तुलना में कम है।
- वर्तमान आयात नीति 'ओपन जनरल लाइसेंस' के तहत कोयले के **अप्रतबिंधति आयात** की अनुमति देती है।
    - इस्पात, वद्यिुत और सीमेंट क्षेत्रों के साथ-साथ कोयला व्यापारियों सहति उपभोक्ता अपनी वाणज्यिकि आवश्यकताओं के आधार पर कोयले का आयात कर सकते हैं।
- **अतः वकिल्प B सही है।**

---

**Question 18:**

कैवम क्लाउड्स' के संबंध में नम्निलखिति कथनों पर वचािर कीजयिे:

1. कैवम क्लाउड्स का नर्िमाण तब होता है, जब **वमिान** सुपरकूल लक्विडि वॉटर ड्रॉप्स वाले मध्य-स्तरीय **अल्टोक्यूम्यलस क्लाउड्स से गुज़रते हैं।**
2. जैसे ही वमिान अपने आस-पास की वायु को बाधति करते हैं, ड्रॉप्स आइस क्रस्टिल में जम जाती हैं, जो अंततः भारी हो जाती हैं और आकाश से पृथक होकर गरि जाती हैं, जसिसे मेघों की परत में रक्ति स्थान रह जाते हैं।
3. इस घटना को ISRO के INSAT 3D उपग्रह ने कैद कयिा।

उपर्युक्त कथनों में से कतिने सही **नहीं** हैं?

1. केवल एक
2. केवल दो
3. सभी तीन
4. इनमें से कोई नहीं

**Correct Answer :** 1

## Explanation

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- कैवम क्लाउड्स का नर्िमाण तब होता है, जब **वमिान** सुपरकूल लक्विडि वॉटर ड्रॉप्स वाले मध्य-स्तरीय **अल्टोक्यूम्यलस क्लाउड्स से गुजरते हैं। अतः कथन 1 सही है।**
- **जैसे ही वमिान अपने आस-पास की वायु को बाधति करते हैं, ड्रॉप्स आइस क्रस्टिल में जम जाती हैं, जो अंततः भारी हो जाती हैं और नीचे गरि जाती हैं, जसिसे मेघों की परत में रक्ति स्थान रह जाते हैं। अतः कथन 2 सही है।**
- इस घटना को **नासा के टेरा उपग्रह** द्वारा फ्लोरडिा के पश्चमिी तट के पास **मैक्सकिो की खाड़ी** के ऊपर कैवम क्लाउड्स दखिाते हुए कैद कयिा गया था। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

---

**Question 19:**

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. स्पाइकिंग न्यूरल नेटवर्क डेटा को संसाधित करने निरंतर संख्यात्मक मानों का उपयोग करते हैं।
2. लाइफलॉन्ग मशीन लर्निंग (LML) मॉडल में निरंतर सीखना शामिल है जहाँ AI मॉडल भविष्य में सीखने और समस्या-समाधान में सहायता के लिये पिछले कार्यों से ज्ञान संचय करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 1

## Explanation

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- स्पाइकिंग न्यूरल नेटवर्क (SNN) एक प्रकार का **कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क** है जो मानव के मस्तिष्क की तंत्रिका संरचना से प्रेरित है। पारंपरिक **ANN**, **डेटा को संसाधित करने के लिये** निरंतर **संख्यात्मक मानों का उपयोग** करते हैं जबकि SNN, **क्रियाकलाप के विभिन्न स्पाइक्स** अथवा **पल्स** के आधार पर कार्य करते हैं।
- SNN सूचना को संसाधित करने तथा संचारित करने के लिये **स्पाइक्स के पैटर्न अथवा समय** का उपयोग करते हैं। यह ठीक उसी प्रकार है जिस प्रकार **मस्तिष्क में न्यूरॉन्स** विद्युत आवेगों के माध्यम से संचार करते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **लाइफलॉन्ग लर्निंग (L2) अथवा लाइफलॉन्ग मशीन लर्निंग (LML)** एक **मशीन लर्निंग** प्रतिमान है जिसमें **अधिगम (Learning) की निरंतर प्रक्रिया** शामिल है। इसमें पूर्व में किये गए कार्यों से ज्ञान संचय करना और भविष्य में सीखने तथा समस्या-समाधान में सहायता के लिये इसका उपयोग करना शामिल है। **अतः कथन 2 सही है।**

---

**Question 20:**

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी स्थापना पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के तहत की गई थी।
2. BEE नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के दायरे में आता है।
3. इसके प्राथमिक उद्देश्यों में भारतीय अर्थव्यवस्था की ऊर्जा तीव्रता को कम करना शामिल है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

1. केवल एक
2. केवल दो
3. सभी तीन
4. इनमें से कोई भी नहीं

**Correct Answer :** 1

## Explanation

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE):**

- **BEE** की स्थापना 1 मार्च 2002 को **ऊर्जा मंत्रालय** के तहत [ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001](#) के प्रावधानों के तहत की गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- BEE **विद्युत मंत्रालय** के दायरे में आता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- BEE का मिशन भारतीय अर्थव्यवस्था की **ऊर्जा की बढ़ती मांग** को कम करने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ ऊर्जा दक्षता के लिये **नीतियों** और रणनीतियों **को विकसित करने में सहायता** प्रदान करना है। **अतः कथन 3 सही है।**
- BEE ने भारत को अपनी ऊर्जा खपत लगभग 3.5% कम करने में मदद की है।

---

**Question 21:**

जीनोम अनुक्रमण के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जीनोम तीन न्यूक्लियोटाइड आधारों से बना है: एडेनिन (A), साइटोसिन (C), और थाइमिन (T)।
2. भारत ने अपना पहला पूर्ण मानव जीनोम वर्ष 2003 में घोषित किया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 4

## Explanation

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **जीनोम:** जीनोम **किसी जीव की संपूर्ण वंशानुगत सूचना** का प्रतिनिधित्व करता है, जो मादा-नर जनकों से विरासत में मिली जैविक निर्देश वंशावली के रूप में कार्य करता है।
    - चार न्यूक्लियोटाइड आधारों से बना: **एडेनिन (A), साइटोसिन (C), गुआनिन (G) और थाइमिन (T)** जीनोम में मनुष्यों में लगभग 3 बिलियन आधारभूत युग्म होते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - यह जटिल अनुक्रम **किसी व्यक्ति की शारीरिक विशेषताओं**, रोगों के प्रति संवेदनशीलता और अन्य जैविक लक्षणों को नियंत्रित करने वाली **आवश्यक सूचना को कूटबद्ध** करता है।
- एक वैश्विक टीम की सहायता से **प्रथम पूर्ण मानव जीनोम** को अनुक्रमित किया गया। यह 13 वर्ष अवधि एवं 3 बिलियन डॉलर के बाद वर्ष 2003 में निर्मित हुआ था। भारत द्वारा प्रथम **पूर्ण मानव जीनोम की घोषणा वर्ष 2009** में की गई थी। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**और पढ़ें:** जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट

---

**Question 22:**

जनरल डायरी के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय दिया कि एक सामान्य डायरी प्रविष्टि को एक उपयुक्त मामले में FIR के रूप में माना जा सकता है, जहाँ यह एक संज्ञेय अपराध के कृत्य का खुलासा करता है।है।
2. **पुलिस अधिनियम, 1861 की धारा 44 राज्य सरकार को सामान्य डायरी** के **स्वरूप और उसके रखरखाव की विधि को निर्धारित करने** का अधिकार देती है।।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- सामान्य डायरी/दैनिकी **किसी पुलिस स्टेशन में दैनिक आधार पर घटित होने वाले सभी क्रियाकलापों और घटनाओं का रिकॉर्ड** है।
- **पुलिस अधिनियम, 1861 की धारा 44 राज्य सरकार को सामान्य डायरी** के **स्वरूप और उसके रखरखाव की विधि को निर्धारित करने** का अधिकार देती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- सामान्य डायरी में निम्नलिखित विभिन्न विवरण शामिल होते हैं:
    - पुलिस अधिकारियों का आगमन एवं प्रस्थान
    - व्यक्तियों की गिरफ्तारी
    - संपत्ति की ज़ब्ती
    - शिकायतों की प्राप्ति एवं समाधान
    - कोई अन्य जानकारी जिसे पुलिस स्टेशन का प्रभारी अधिकारी दर्ज करना आवश्यक समझे।
- **सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय: CBI बनाम तपन कुमार सिंह (2003) मामले** में, सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय सुनाया कि एक सामान्य डायरी प्रविष्टि को एक उपयुक्त मामले में FIR के रूप में माना जा सकता है, जहाँ यह एक संज्ञेय अपराध के कृत्य का खुलासा करता है **अतः कथन 1 सही है।**

और पढ़ें...

---

**Question 23:**

फार्मास्युटिकल्स प्रौद्योगिकी उन्नयन सहायता योजना (Pharmaceuticals Technology Upgradation Assistance Scheme - PTUAS) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे वर्ष 2022 में लॉन्च किया गया था जो दवा कंपनियों को वैश्विक मानकों को पूरा करने वाली दवाओं का उत्पादन करने के लिये अपनी सुविधाओं को उन्नत करने में मदद करता है।
2. इस योजना के तहत पात्र ऋण घटक के लिये अधिकतम 9% प्रतिवर्ष (अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के स्वामित्व तथा प्रबंधित इकाइयों के लिये 10%) तक की ब्याज छूट उपलब्ध है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1

2. केवल 2

3. 1 और 2 दोनों

4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 1

## Explanation

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- PTUAS दवा कंपनियों को वैश्विक मानकों के अनुरूप दवाओं के उत्पादन के लिये अपनी सुविधाओं को उन्नत करने में मदद करता है। इसे जुलाई 2022 में लॉन्च किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- योजना के तहत पात्र ऋण घटक के लिये अधिकतम 5% प्रतिवर्ष (अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के स्वामित्व तथा प्रबंधन वाली इकाइयों के लिये 6%) ब्याज छूट दी जाती है, जो अधिकतम 10 करोड़ रुपए तक सीमित है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह सब्सिडी सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में **अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों/वित्तीय संस्थानों** द्वारा स्वीकृत ऋणों के लिये कम शेष राशि पर अधिकतम 3 वर्ष की अवधि के लिये लागू है।

[और पढ़ें:]

---

**Question 24:**

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन-I:** गुरुमुखी लिपि को शारदा लिपि से विकसित किया गया था, जिसे दसवें सिख गुरु, गुरु गोविंद सिंह द्वारा मानकीकृत और उपयोग किया गया था।

**कथन-II:** प्रधानमंत्री विरासत का संवर्धन (PM VIKAS) योजना रोज़गार-उन्मुख नौकरी भूमिकाओं में आधुनिक कौशल प्रशिक्षण के लिये 10,000 सिख युवाओं और महिलाओं को लक्षित करती है।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

1. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
2. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
3. कथन-I सही है, किंतु कथन-II गलत है।
4. कथन-I गलत है, किंतु कथन-II सही है।

**Correct Answer :** 4

## Explanation

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- गुरुमुखी लिपि का विकास **शारदा (Śāradā) लिपि** से हुआ था जिसका उपयोग और मानकीकरण दूसरे सिख गुरु, **गुरु अंगद** द्वारा किया गया था। शारदा लिपि **ब्राह्मी परिवार की लिपियों** से संबंधित है। **अतः कथन-I सही नहीं है।**
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य सिख समुदाय के भीतर **सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित समूहों** की सहायता करना और सांप्रदायिक एवं सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम के तहत सिख समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं को संरक्षित तथा प्रोत्साहन प्रदान करने के लिये दिल्ली विश्वविद्यालय के खालसा महाविद्यालयों में अत्याधुनिक **गुरुमुखी लिपि** शिक्षण केंद्र स्थापित किये जाएंगे।
- यह कार्यक्रम सिख समुदाय के कल्याण के लिये स्थापित एक **वैधानिक निकाय**, **दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति (DSGMC)** के माध्यम

से **प्रधानमंत्री विरासत का संवर्धन (PM विकास) योजना** के अंतर्गत **"सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास"** पहल का हिस्सा है।

- यह कार्यक्रम 10,000 युवाओं और महिलाओं को ध्यान में रखकर शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य **रोज़गार प्रदान करने वाली भूमिकाओं में आधुनिक कौशल प्रशिक्षण** प्रदान करना, **सिख कारीगरों** को प्रोत्साहन देना, महिला नेतृत्व और उद्यमिता को बढ़ावा देना तथा स्कूल छोड़ने वाली छात्राओं को शिक्षा के लिये प्रोत्साहन प्रदान करना है। **अतः कथन-II सही नहीं है।**

**अतः कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।**

और पढ़ें:

---

**Question 25:**

विनियामकीय सैंडबॉक्स (RS) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह नियंत्रित नियामक वातावरण में नए उत्पादों या सेवाओं के लाइव परीक्षण को संदर्भित करता है।
2. फिन-टेक क्षेत्र में RS को भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा विनियमित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **विनियामकीय सैंडबॉक्स** एक **नियंत्रित नियामक वातावरण में नए उत्पादों अथवा सेवाओं के प्रत्यक्ष रूप से हुए परीक्षण को संदर्भित** करता है जिसके लिये नियामक परीक्षण के सीमित उद्देश्य हेतु कुछ नियामक छूट की अनुमति दे भी सकते हैं और नहीं भी। **अतः कथन 1 सही है।**
- विनियामकीय सैंडबॉक्स एक महत्त्वपूर्ण उपकरण है जो **अधिक गतिशील, साक्ष्य-आधारित नियामक वातावरण** को सक्षम बनाता है जो **उभरती प्रौद्योगिकियों से सीखते हुए उनके साथ-साथ विकसित** होता है।
- हाल ही में **भारतीय रिज़र्व बैंक** ने **विनियामकीय सैंडबॉक्स** के विभिन्न चरणों को पूरा करने की समय-सीमा को पिछले 7 महीनों से बढ़ाकर **9 महीने** कर दिया है।
  - विनियामकीय सैंडबॉक्स के लिये अद्यतन ढाँचे में **डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023** के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु सैंडबॉक्स संस्थाओं की भी आवश्यकता होती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारतीय रिज़र्व बैंक ने **फिनटेक** के विस्तृत पहलुओं के साथ उसके **निहितार्थों की निगरानी करने एवं रिपोर्ट करने हेतु वर्ष 2016 में एक अंतर-नियामक कार्य समूह की स्थापना** की, ताकि नियामक ढाँचे की समीक्षा की जा सके और साथ ही **तेज़ी से विकसित हो रहे फिनटेक परिदृश्य की गतिशीलता** पर प्रतिक्रिया दी जा सके।

- रिपोर्ट में एक अच्छी तरह से परिभाषित स्थान और अवधि के भीतर एक **विनियामकीय सैंडबॉक्स** के लिये एक उपयुक्त ढाँचे को प्रस्तुत करने की सिफारिश की गई है, जहाँ वित्तीय क्षेत्र नियामक दक्षता बढ़ाने, जोखिमों का प्रबंधन करने तथा उपभोक्ताओं के लिये नए अवसर सृजित करने हेतु आवश्यक नियामक मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

और पढ़ें:

---

**Question 26:**

FASTag के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी संचार परिषद् (NCSTC) द्वारा संचालित है।
2. यह एक उपकरण है जो वाहन के चलते समय सीधे टोल भुगतान करने के लिये रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (RFID) तकनीक का उपयोग करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 2

## Explanation

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **FASTag** एक उपकरण है जो वाहन के चलते समय सीधे टोल भुगतान करने के लिये **रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन** तकनीक का उपयोग करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- फास्टैग (RFID टैग) वाहन की विंडस्क्रीन पर चिपकाया जाता है और **ग्राहक को फास्टैग से जुड़े खाते से सीधे टोल भुगतान करने में सक्षम** बनाता है।
    - इसका संचालन सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की देखरेख में **भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण** द्वारा किया जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

और पढ़ें:

---

**Question 27:**

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. हाल ही में प्रसिद्ध कटक रूपा तारकासी (सिल्वर फिलिग्री) को इसकी विशिष्ट विरासत और शिल्प कौशल को चिह्नित करते हुए भौगोलिक संकेत (Geographical Indication (GI) टैग प्रदान किया गया है।
2. जीआई टैग नकल से बचाता है और एक बार पंजीकृत होने के बाद 15 वर्ष तक वैध रहता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 1

## Explanation

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- प्रसिद्ध **कटक रूपा तारकासी (सिल्वर फिलिग्री)** को इसकी विशिष्ट विरासत और शिल्प कौशल को चिह्नित करते हुए **भौगोलिक संकेत (Geographical Indication (GI) टैग** प्रदान किया गया है।
- इसका इतिहास प्राचीन **मेसोपोटामिया** से है, जहाँ 3500 ईसा पूर्व में फिलाग्री से आभूषण सजाए जाते थे, फारस और इंडोनेशिया के रास्ते कटक तक की इसकी यात्रा समुद्री व्यापार मार्गों के माध्यम से सांस्कृतिक आदान-प्रदान के बारे में जानकारी प्रदान करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - फिलाग्री विशेष रूप से सोने, चाँदी या ताँबे के महीन तार का सजावटी काम है जिसका उपयोग मुख्य रूप से सोने और चाँदी की सतहों पर किया जाता है।
- GI टैग एक विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र से जुड़े उत्पादों पर इस्तेमाल किया जाने वाला एक लेबल है जो यह सुनिश्चित करता है कि केवल उस क्षेत्र के अधिकृत उपयोगकर्त्ता ही उत्पाद के नाम का उपयोग कर सकते हैं।
  - यह नकल से बचाता है और एक बार पंजीकृत होने के बाद **10 साल** तक वैध होता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (DPIIT) **ट्रिप्स समझौते** के अनुरूप **वस्तुओं के भौगोलिक संकेतक (पंजीयन एवं संरक्षण) अधिनियम, 1999** के तहत भारत में GI पंजीकरण का प्रबंधन करता है।

और पढ़ें :

---

**Question 28:**

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. भारत के उच्चतम न्यायालय ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत कॉमन कॉज़ बनाम भारत संघ, 2018 में निष्क्रिय इच्छामृत्यु को वैध बनाया।

2. निष्क्रिय इच्छामृत्यु में किसी व्यक्ति के जीवन को समाप्त करने के लिये जानबूझकर घातक पदार्थों या कार्यों का उपयोग करना शामिल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 1

## Explanation

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **कॉमन कॉज़ बनाम भारत संघ, 2018** मामले में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने **'लिविंग विल'** के महत्त्व को उजागर करते हुए **निष्क्रिय इच्छामृत्यु/सहजमृत्यु (Euthanasia) को वैध बनाया**।
  - न्यायालय ने इस तथ्य पर ज़ोर दिया कि **मरण की प्रक्रिया में गरिमा संविधान के अनुच्छेद 21** द्वारा गारंटीकृत **जीवन के अधिकार** का अभिन्न अंग है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **सक्रिय इच्छामृत्यु** में **किसी व्यक्ति के जीवन को समाप्त करने के लिये जानबूझकर घातक पदार्थों या कार्यों का उपयोग करना** शामिल है। निष्क्रिय इच्छामृत्यु तब होती है **जब जीवन-निर्वाह उपचार रोक** दिये जाते है अथवा **हटा लिये** जाते है, जिससे रोगी स्वाभाविक रूप से मर जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

और पढ़ें:

---

**Question 29:**

गर्भपात के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गर्भपात गर्भावस्था की जानबूझकर समाप्ति है, जो आमतौर पर गर्भधारण के शुरुआती 28 सप्ताह के दौरान किया जाता है।
2. 1960 के दशक तक, भारत में गर्भपात प्रतिबंधित था और इसका उल्लंघन करने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 312 के तहत कारावास या जुर्माना लगाया जाता था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2

3. 1 और 2 दोनों

4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 4

## Explanation

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- गर्भपात का **आशय जानबूझकर गर्भ की समाप्ति** से है, जिसे आमतौर पर गर्भधारण के शुरुआती 28 सप्ताह के दौरान किया जाता है। इसे गर्भावस्था के चरण एवं गर्भपात चाहने वाले व्यक्ति की प्राथमिकताओं के आधार पर विभिन्न चिकित्सा प्रक्रियाओं या दवाओं के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- 1960 के दशक तक, भारत में गर्भपात प्रतिबंधित था और इसका उल्लंघन करने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 312 के तहत कारावास या जुर्माना लगाया जाता था। **अतः कथन 2 सही है।**
    - **शांतिलाल शाह समिति की स्थापना वर्ष 1960 के दशक** के मध्य में गर्भपात नियमों की आवश्यकता की जाँच के लिये की गई थी।

और पढ़ें...

---

**Question 30:**

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ताज़े गोबर में जल के साथ-साथ मीथेन भी होता है जो इसे अवायवीय पाचन में बायोगैस उत्पादन के लिये आवश्यक बनाता है।
2. मीथेन, बायोगैस का एक प्रमुख घटक होता है जो गोजातीय पशुओं के रूमेन में उनके द्वारा उपभोग की जाने वाली पौधों की सामग्री के किण्वन के दौरान उत्पन्न होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1

2. केवल 2

3. 1 और 2 दोनों

4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- ताज़े गोबर में जल की मात्रा 80-85% होती है तथा एक किलो ताज़ा गोबर शुष्क अवस्था में मात्र 200 ग्राम का हो जाता है।
- ताज़े गोबर में **जल के साथ-साथ मीथेन** भी होता है जो इसे **अवायवीय पाचन** (ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में बायोडिग्रेडेबल सामग्री को विखंडित कर बायोगैस का उत्पादन) में बायोगैस उत्पादन के लिये आवश्यक बनाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- मीथेन, बायोगैस का एक प्रमुख घटक होता है जो **गोजातीय पशुओं के रूमेन (गोजातीय पशुओं के आमाशय के चार भागों में से पहला)** में उनके द्वारा उपभोग की जाने वाली पौधों की सामग्री के किण्वन के दौरान उत्पन्न होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- रुमेन में बैक्टीरिया जैसे रोगाणु, जिन्हें **आर्कियिा (Archaea)** के नाम से जाना जाता है, **मीथेन उत्पन्न करने के लिये** कार्बोहाइड्रेट किण्वन के दौरान उत्पादित कार्बन डाइऑक्साइड और हाइड्रोजन का उपयोग करते हैं।

और पढ़ें...

---

**Question 31:**

कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह हिमाचल प्रदेश में स्थित है।
2. प्रोजेक्ट टाइगर वर्ष 1973 में कॉर्बेट नेशनल पार्क में शुरू किया गया था।
3. धौलीगंगा नदी इस रिज़र्व से होकर प्रवाहित होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

1. केवल एक

2. केवल दो

3. सभी तीन

4. इनमें से कोई भी नहीं

**Correct Answer :** 1

## Explanation

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व:**
  - यह उत्तराखंड के नैनीताल ज़िले में स्थित है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

दृष्टि The Vision

- वर्ष 1973 में प्रोजेक्ट टाइगर की शुरुआत कॉर्बेट नेशनल पार्क (भारत का पहला राष्ट्रीय उद्यान) में हुई थी, जो कि कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व का एक हिस्सा है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - इस राष्ट्रीय उद्यान की स्थापना वर्ष 1936 में हैली नेशनल पार्क के रूप में की गई थी जिसका उद्देश्य लुप्तप्राय बंगाल टाइगर का संरक्षण करना था।
- इसके मुख्य क्षेत्र में कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान जबकि बफर ज़ोन में आरक्षित वन और साथ ही सोन नदी वन्यजीव अभयारण्य शामिल हैं।
- रिज़र्व का पूरा क्षेत्र पहाड़ी है और यह शिवालिक तथा बाह्य हिमालय भूवैज्ञानिक प्रांतों के अंतर्गत आता है।
- रामगंगा, सोननदी, मंडल, पालेन और कोसी, रिज़र्व से होकर बहने वाली प्रमुख नदियाँ हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

और पढ़ें...

---

**Question 32:**

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में नागरिकता संविधान के तहत संघ सूची में सूचीबद्ध है और इस प्रकार यह संसद के विशिष्ट क्षेत्राधिकार के अंतर्गत है।
2. 1955 का नागरिकता अधिनियम भारतीय नागरिकता प्राप्त करने के पाँच तरीकों जन्म, वंश, पंजीकरण, प्राकृतिकीकरण, या भारत में क्षेत्र का एकीकरण को परिभाषित करता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 4

## Explanation

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारत में नागरिकता:**

- भारत में नागरिकता संविधान के अंर्तगत **संघ सूची** में सूचीबद्ध है और इस प्रकार यह संसद के विशिष्ट क्षेत्राधिकार के अंतर्गत है।**अतः कथन 1 सही है।**
- **26 जनवरी, 1950 को** भारत के संविधान द्वारा भारतीय नागरिकता के लिये पात्र लोगों की श्रेणियाँ स्थापित कीं।
- इसने संसद को नागरिकता के अतिरिक्त पहलुओं, जैसे अनुदान तथा अपरिग्रह को विनियमित करने का अधिकार भी प्रदान किया।
    - इस अधिकार के अंर्तगत संसद ने **नागरिकता अधिनियम, 1955,** लागू किया गया। _
- अधिनियम निर्दिष्ट करता है कि भारत में **नागरिकता पाँच तरीकों** से हासिल की जा सकती है**:** भारत में जन्म से, वंश द्वारा, पंजीकरण के माध्यम से, प्राकृतिकीकरण (भारत में विस्तारित निवास) द्वारा और भारत में क्षेत्र को शामिल करके। **अतः कथन 2 सही है।**

https://www.drishtiias.com/hindi/daily-updates/daily-news-analysis/national-urban-cooperative-finance-and-development-corporation-limited

---

**Question 33:**

निम्निलखिति कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में सहकारी बैंक, संबंधति राज्य के सहकारी समितिअधिनियिम या बहु-राज्य सहकारी समितिअधिनियिम, 2002 के तहत पंजीकृत हैं।
2. रज़िर्व बैंक बैंकगि विनियिमन अधिनियिम, 1949 की धारा 22 और 23 के प्रावधानों के तहत शहरी सहकारी बैंकों के बैंकगि कार्यों को नियंत्रति करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत में सहकारी बैंक:**

- किसी गाँव या विशिष्ट समुदाय जैसे समुदाय की वित्तीय ज़रूरतों का समर्थन करने के लिये लोग संसाधनों को एकत्रति करने और **ऋण** जैसी बैंकगि सेवाएँ प्रदान करने हेतु एक साथ आते हैं।
- भारत में, वे संबंधति राज्य के सहकारी समितिअधिनियिम या**बहु-राज्य सहकारी समितिअधिनियिम, 2002 के** तहत पंजीकृत हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- रज़िर्व बैंक **बैंकगि विनियिमन अधिनियिम, 1949** की धारा 22 और 23 के प्रावधानों के तहत शहरी सहकारी बैंकों के बैंकगि कार्यों को नियंत्रति करता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**https://www.drishtiias.com/daily-updates/daily-news-analysis/national-urban-cooperative-finance-and-development-corporation-limited**

---

**Question 34:**

अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष (IFAD) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थान और विशेष संयुक्त राष्ट्र एजेंसी है जो विकासशील देशों के ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी उन्मूलन के क्षेत्र में काम कर रही है।
2. इसके 177 सदस्य देश हैं और भारत सदस्य देश नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 1

## Explanation

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष (IFAD):**

- IFAD एक **अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थान और विशेष संयुक्त राष्ट्र एजेंसी** है जो विकासशील देशों के ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी उन्मूलन के क्षेत्र में काम कर रही है तथा संबद्ध परियोजनाओं के लिये कम ब्याज पर अनुदान एवं ऋण प्रदान करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे वर्ष 1977 में बनाया गया था, जो वर्ष 1974 के विश्व खाद्य सम्मेलन का परिणाम है।
- इसके **177 सदस्य देश हैं**। भारत भी इसका एक सदस्य देश है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

और पढ़ें...

---

**Question 35:**

आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के लिये रोज़गार तथा बेरोज़गारी विशेषताओं के वार्षिक आँकड़े तैयार करने के लिये PLFS आयोजित करता है।
2. यह केवल 'वर्तमान साप्ताहिक स्थिति' (CWS) में शहरी क्षेत्रों के लिये तीन महीने के अल्प समय अंतराल में प्रमुख रोज़गार और बेरोज़गारी संकेतकों का अनुमान लगाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

1. केवल 1

2. केवल 2

3. 1 और 2 दोनों

4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 4

## Explanation

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय** शहरी क्षेत्रों के लिये त्रैमासिक अनुमानों के साथ-साथ **ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों हेतु रोज़गार एवं बेरोज़गारी संबंधी विशेषताओं के वार्षिक आँकड़े** तैयार करने के उद्देश्य से PLFS का संचालन करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - **जुलाई 2017 से जून 2018 के दौरान** PLFS में एकत्र आँकड़ों पर आधारित **पहली वार्षिक रिपोर्ट मई 2019 में** प्रकाशित की गई थी।
- **PLFS का उद्देश्य वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (CWS) में केवल शहरी क्षेत्रों के लिये तीन माह के अल्पकालिक अंतराल पर प्रमुख रोज़गार और बेरोज़गारी संकेतकों (अर्थात् श्रमिक-जनसंख्या अनुपात, श्रम बल भागीदारी दर, बेरोज़गारी दर) का अनुमान लगाना। अतः कथन 2 सही है।**

और पढ़ें:

---

**Question 36:**

कृषि सखी अभिसरण कार्यक्रम (KSCP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय के बीच कृषि सखी के सशक्तीकरण हेतु एक समझौता ज्ञापन के साथ कृषि सखी अनुकूलन/अभिसरण कार्यक्रम की शुरुआत हुई।
2. कार्यक्रम में 70,000 कृषि सखियों को "पैरा-एक्सटेंशन वर्कर्स" के रूप में प्रमाणित करने हेतु कृषि सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शामिल है।
3. कृषि सखियाँ किसानों और प्रशिक्षित पैरा-एक्सटेंशन वर्कर्स का अभ्यास कर रही हैं। वे किसान-मित्रों के रूप में काम करती हैं तथा प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन के संबंध में उनका मार्गदर्शन करती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

1. केवल एक

2. केवल दो

3. सभी तीन

4. इनमें से कोई भी नहीं

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**कृषि सखी अभिसरण कार्यक्रम (KSCP):**

- कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय के बीच **कृषि सखी के सशक्तीकरण** हेतु एक समझौता ज्ञापन के साथ कृषि सखी अनुकूलन/अभिसरण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। **अतः कथन 1 सही है।**
- कार्यक्रम में 70,000 कृषि सखियों को **"पैरा-एक्सटेंशन वर्कर्स"** के रूप में प्रमाणित करने हेतु कृषि सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शामिल है। **अतः कथन 2 सही है।**
- कृषि सखियाँ किसानों और प्रशिक्षित पैरा-एक्सटेंशन वर्कर्स का अभ्यास कर रही हैं। वे किसान-मित्रों के रूप में काम करती हैं तथा **प्राकृतिक खेती** और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन के संबंध में उनका मार्गदर्शन करती हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

और पढ़ें...

---

**Question 37:**

लीबिया की सीमा निम्नलिखित में से किस देश से लगती है:

1. मिस्र
2. सूडान
3. चाड
4. नाइजर
5. अल्ज़ीरिया

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

1. केवल 1 और 2

2. केवल 2 और 3

3. 1,3,4 और 5

4. 1, 2, 3, 4 और 5

**Correct Answer :** 4

## Explanation

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **लीबिया:**
  - लीबिया की सीमा उत्तर में **भूमध्य सागर**, पूर्व में मिस्र, दक्षिण-पूर्व में सूडान, दक्षिण में चाड, दक्षिण-पश्चिम में नाइज़र, पश्चिम में अल्ज़ीरिया और उत्तर-पश्चिम में ट्यूनीशिया से लगती है।

**अतः विकल्प D सही है।**




[https://www.drishtiias.com/hindi/daily-updates/prelims-facts/italian-court-ruling-against-returning-sea-migrants](https://www.drishtiias.com/hindi/daily-updates/prelims-facts/italian-court-ruling-against-returning-sea-migrants)

---

**Question 38:**

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कनेक्टोम अवधारणा तंत्रिका के संदर्भ में एक व्यापक मानचित्र का प्रतिनिधित्व करती है, जो न्यूरॉन्स के बीच आदान-प्रदान किये गए विद्युत एवं रासायनिक संकेतों को दर्शाने वाले ब्लूप्रिंट के समान है।
2. कनेक्टोम मस्तिष्क की जटिलता और विशाल डेटा मात्रा के बारे में वैज्ञानिकों की समझ को सरल बनाता है, तंत्रिका विज्ञान तथा तंत्रिका संबंधी स्वास्थ्य अनुसंधान में प्रगति में सहायता करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या :**

**कनेक्टोम:**

- **कनेक्टोम अवधारणा तंत्रिका** के संदर्भ में एक **व्यापक मानचित्र** का प्रतिनिधित्व करती है, जो न्यूरॉन्स के बीच आदान-प्रदान किये गए विद्युत एवं रासायनिक संकेतों को दर्शाने वाले ब्लूप्रिंट के समान है। **अतःकथन 1 सही है।**
- मस्तिष्क की जटिलता एवं डेटा की मात्रा के बावजूद कनेक्टोम वैज्ञानिकों की समझ को सरल बनाता है, जिससे**तंत्रिका विज्ञान तथा न्यूरोलॉजिकल स्वास्थ्य अनुसंधान में प्रगति** सुनिश्चित होती है। कनेक्टोम का मानचित्रण मस्तिष्क की कार्यप्रणाली और तंत्रिका प्रक्रियाओं पर अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर तथा अल्ज़ाइमर रोग जैसी स्थितियों के प्रभाव को समझने में सहायता करता है।**अतःकथन 2 सही है।**

https://www.drishtiias.com/hindi/daily-updates/prelims-facts/connectome

---

**Question 39:**

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन-I:** मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (MIRV) तकनीक की उत्पत्ति संयुक्त राज्य अमेरिका में वर्ष 1970 में MIRVed इंटरकांटिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (ICBM) की तैनाती के साथ हुई।

**कथन-II:** MIRV तकनीक संभावित **लक्ष्यों की संख्या बढ़ाकर मिसाइल की प्रभावशीलता** को बढ़ाती है।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

1. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या है।

2. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

3. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

4. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**Correct Answer :** 4

## Explanation

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

भारत ने हाल ही में मिसाइल प्रौद्योगिकी में महत्त्वपूर्ण प्रगति की है और साथ ही **मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (MIRV)** क्षमताओं वाले चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है।

- **रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO)** द्वारा आयोजित **मिशन दिव्यास्त्र नामक सफल उड़ान परीक्षण** मील का पत्थर सिद्ध हुआ है। इसने पहली बार स्वदेशी रूप से विकसित **अग्नि-5 मिसाइल एकीकृत MIRV प्रौद्योगिकी को चिह्नित** किया।
- MIRV तकनीक की उत्पत्ति **संयुक्त राज्य अमेरिका** में वर्ष **1970** में **MIRVed इंटरकांटिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (ICBM)** की तैनाती के साथ हुई। **अतः कथन I सही नहीं है।**
- MIRV एक मिसाइल को **कई हथियार (3-4) ले जाने की अनुमति** देता है, जिनमें से **प्रत्येक स्वतंत्र रूप से विभिन्न स्थानों को निशाना बनाने में सक्षम** है। **अतः कथन II सही है।**
- MIRV तकनीक संभावित **लक्ष्यों की संख्या बढ़ाकर मिसाइल की प्रभावशीलता** को बढ़ाती है।
    - MIRV को भूमि-आधारित प्लेटफॉर्मों एवं समुद्र-आधारित प्लेटफॉर्मों दोनों से लॉन्च किया जा सकता है, जैसे कि पनडुब्बियाँ, परिणामस्वरूप उनके परिचालन लचीलेपन एवं सीमा का विस्तार होता है।
- **अतः विकल्प D सही है क्योंकि कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।**

और पढ़ें...

---

**Question 40:**

भारत-इंडोनेशिया संबंधों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इंडोनेशिया आसियान क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बनकर उभरा है।
2. दोनों देश G20, पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन और संयुक्त राष्ट्र के सदस्य हैं।
3. रामायण और महाभारत के महान महाकाव्यों की कथाएँ इंडोनेशियाई लोक कला तथा नाटकों का स्रोत बनी हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

1. केवल एक

2. केवल दो

3. सभी तीन

4. इनमें से कोई भी नहीं

**Correct Answer :** 2

## Explanation

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत-इंडोनेशिया संबंध:**

- **वाणिज्यिक संबंध:**
    - **आसियान (ASEAN) क्षेत्र में इंडोनेशिया भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार देश** बनकर उभरा है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - द्विपक्षीय व्यापार सत्र 2005-06 में 4.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर सत्र 2022-23 में 38.84 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है।
- **राजनीतिक संबंध:**
    - दोनों देश **एशियाई और अफ्रीकी देशों की स्वतंत्रता के प्रमुख समर्थक** थे, जिसके कारण वर्ष **1955 का बांडुंग सम्मेलन** हुआ और **वर्ष 1961 में गुटनिरपेक्ष आंदोलन** की शुरुआत हुई।
    - **वर्ष 1991 में भारत द्वारा 'लुक ईस्ट नीति अपनाने के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में तेज़ी से विकास हुआ है।**
    - दोनों देश **G20, पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन** और **संयुक्त राष्ट्र** के सदस्य हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- **सांस्कृतिक संबंध:**
    - **हिंदू, बौद्ध** और बाद में **मुस्लिम धर्मों** ने भारत के तटों से इंडोनेशिया की यात्रा की।
    - **रामायण और महाभारत** के महान महाकाव्यों की कथाएँ इंडोनेशियाई लोक कला तथा नाटकों का स्रोत बनी हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

और पढ़ें...

---

**Question 41:**

भारत निर्वाचन आयोग (ECI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संविधान ने चुनाव आयोग के सदस्यों की योग्यताएँ निर्धारित की गई हैं।
2. संविधान में निर्वाचन आयोग के सदस्यों का कार्यकाल निर्दिष्ट नहीं किया गया है।
3. संविधान ने सेवानिवृत्त चुनाव आयुक्तों को सरकार द्वारा किसी भी आगे की नियुक्ति से नहीं रोका जा सकता है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

1. केवल एक

2. केवल दो

3. सभी तीन

4. कोई भी नहीं

**Correct Answer :** 2

## Explanation

**उत्तर: B**

**व्याख्या**:

- **भारत का निर्वाचन आयोग:**
    - **भारतीय निर्वाचन आयोग,** एक स्वायत्त सांविधानिक प्राधिकरण है जो भारत में संघ और राज्य निर्वाचन प्रक्रियाओं के प्रशासन के लिये ज़िम्मेदार है।
    - यह निकाय भारत में **लोकसभा, राज्यसभा एवं राज्य विधानसभाओं तथा देश में राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति के पदों के लिये निर्वाचन का प्रबंधन** करता है।
        - इसका राज्यों में **पंचायतों एवं नगर पालिकाओं के निर्वाचन से कोई सरोकार नहीं** है। इसके लिये भारत का संविधान एक **अलग राज्य चुनाव आयोग का प्रावधान** करता है।
- **सीमाएँ:**
    - संविधान में चुनाव आयोग के सदस्यों की योग्यता (कानूनी, शैक्षिक, प्रशासनिक या न्यायिक) निर्धारित नहीं की गई है।**अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - संविधान में चुनाव आयोग के सदस्यों के कार्यकाल को निर्दिष्ट नहीं किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - संविधान ने सेवानिवृत्त हो रहे चुनाव आयुक्तों को सरकार द्वारा किसी और नियुक्ति से वंचित नहीं किया है। **अतः कथन 3 सही है।**

और पढ़ें...

---

**Question 42:**

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन-I:** दिव्यांगजन अधिकार (RPwD) अधिनियम, 2016, दिव्यांगजन अधिकार पर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय का अनुसमर्थन करता है जिसका अनुमोदन भारत द्वारा वर्ष 2007 में किया गया था।

**कथन-II:** हाल ही में केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (CPWD) ने सार्वजनिक भवनों में दिव्यांगजनों (PwD) के लिये आवागमन में सुधार करने हेतु कदम उठाए।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

1. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या है।

2. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

3. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

4. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**Correct Answer :** 2

## Explanation

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **दिव्यांगजन अधिकार (RPwD) अधिनियम, 2016,** दिव्यांगजन अधिकार पर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय का अनुसमर्थन करता है जिसका अनुमोदन भारत द्वारा वर्ष 2007 में किया गया था। **अतः कथन-I सही है।**
- हाल ही में **केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (CPWD)** ने सार्वजनिक भवनों में दिव्यांगजनों (PwD) के लिये आवागमन में सुधार करने हेतु कदम उठाए। **अतः कथन-II सही है।**

**अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

और पढ़ें...

---

**Question 43:**

लोक लेखा समिति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी प्राथमिक ज़िम्मेदारी जाँच के दौरान CAG की सहायता से नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) द्वारा प्रदान की गई रिपोर्टों का ऑडिट करना है।
2. इसमें अधिकतम 22 सदस्य होते हैं, जिनमें से 15 राज्यसभा से और 7 सदस्य लोकसभा से चुने जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 1

## Explanation

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**लोक लेखा समिति:**

- इसका प्राथमकि दायत्वि जाँच के दौरान CAG की सहायता से **नयिंत्रक एवं महालेखा परीक्षक** द्वारा प्रदान की गई रपिोर्टों का ऑडटि करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- PAC में अधकितम 22 सदस्य होते हैं, जनिमें से 15 लोकसभा द्वारा चुने जाते हैं और 7 सदस्य राज्यसभा से चुने जाते हैं **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
    - सदस्यों को **एकल हस्तांतरणीय वोट** के माध्यम से आनुपातकि प्रतनिधित्वि द्वारा वर्षीय तौर पर चुना जाता है।

और पढ़ें...

---

**Question 44:**

नम्निलखिति कथनों पर वचिार कीजयि:

1. SWAYAM बहुभाषी वषिय वस्तु, AI मार्गदर्शन, क्रेडटि रकिग्नशिन जैसी सुवधिाओं के साथ रोज़गार क्षमता को बढ़ावा देने के लयि उद्योग-प्रासंगकि पाठ्यक्रम प्रदान करता है।
2. SWAYAM शक्षिार्थयिों के लयि शैक्षकि अवसर प्रदान करने वाला व्यापक ओपन ऑनलाइन कोर्स (MOOC) प्लेटफॉर्म है, जसि वर्ष 2017 में शक्षिा मंत्रालय द्वारा लॉन्च कयिा गया था।
3. स्वयं-प्लस को राष्ट्रीय शक्षिा नीत, 2020 के साथ जोड़ा गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कतिने सही नहीं है/हैं?

1. केवल एक
2. केवल दो
3. सभी तीन
4. इनमें से कोई भी नहीं

**Correct Answer :** 4

## Explanation

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **SWAYAM प्लस अब रोज़गार क्षमता को बढ़ावा देने के लयि उद्योग-प्रासंगकि पाठ्यक्रम प्रदान करता है, जसिमें बहुभाषी वषिय वस्तु, AI मार्गदर्शन, क्रेडटि रकिग्नशिन और रोज़गार के मार्ग जैसी सुवधिाएँ शामलि हैं, जो L&T, माइक्रोसॉफ्ट, CISCO जैसी और भी अन्य कंपनयिों के सहयोग से वकिसति की गई हैं। अतः कथन 1 सही है।**
- बड़ी संख्या में शक्षिार्थयिों के लयि शैक्षकि अवसर प्रदान करने वाला व्यापक ओपन ऑनलाइन कोर्स (Massive Open Online Course-MOOC) प्लेटफॉर्म SWAYAM वर्ष 2017 में शक्षिा मंत्रालय द्वारा लॉन्च कयिा गया था। अतः कथन 2 सही है।
- स्वयं-प्लस (Swayam-Plus) को राष्ट्रीय शक्षिा नीत, 2020 के साथ संरेखति कयिा गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

और पढ़ें...

---

**Question 45:**

भारत में पर्सनल लॉ के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मुस्लिम पर्सनल लॉ के अनुसार पुरुषों को अधिकतम छह पत्नियों विवाह करने की कानूनी छूट प्रदान है।
2. हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 हिंदुओं, बौद्धों, जैनियों और सिखों के बीच संपत्ति की विरासत के लिये दिशा-निर्देश देता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 4

## Explanation

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- शरिया अथवा मुस्लिम पर्सनल लॉ के अनुसार पुरुषों को बहुविवाह की अनुमति है, यानी वे एक ही समय में एक से अधिक, कुल चार पत्नियाँ रख सकते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 द्वारा हिंदुओं के विवाह से संबंधित कानूनों को संहिताबद्ध किया गया था।
    - हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 हिंदुओं, बौद्धों, जैनियों और सिखों के बीच संपत्ति के पीढ़ीगत हस्तांतरण संबंधी दिशानिर्देश जारी करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

और पढ़ें...

---

**Question 46:**

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रीय विज्ञान दिवस जगदीश चंद्र बोस द्वारा क्रेस्कोग्राफ उपकरण के आविष्कार करने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
2. रमन प्रभाव का तात्पर्य उस घटना से है जिसमें पारदर्शी पदार्थ से गुज़रने पर प्रकाश प्रकीर्णित हो जाता है जिससे तरंगदैर्ध्य और ऊर्जा में परिवर्तन होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1

2. केवल 2

3. 1 और 2 दोनों

4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 2

## Explanation

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय विज्ञान दिवस भारतीय भौतिक विज्ञानी चंद्रशेखर वेंकट रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज करने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।**अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- रमन प्रभाव का तात्पर्य उस घटना से है जिसमें **पारदर्शी पदार्थ से गुज़रने पर प्रकाश प्रकीर्णित हो जाता है** जिससे तरंगदैर्ध्य (Wavelength) और ऊर्जा में परिवर्तन होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - रमन प्रभाव की खोज वर्ष 1928 में 28 फरवरी को सी.वी. रमन द्वारा की गई थी।
    - भौतिकी के क्षेत्र में उनके महत्त्वपूर्ण योगदान को मान्यता प्रदान करने हेतु वर्ष 1930 में उन्हें **भौतिकी का नोबेल पुरस्कार** प्रदान किया गया।

और पढ़ें...

---

**Question 47:**

द्वितीय INDUS-X शिखर सम्मेलन के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. शिखर सम्मेलन में स्वतंत्र और निर्बाध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को सुनिश्चित करने में प्रमुख साझेदार के रूप में भारत तथा अमेरिका की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर ज़ोर दिया गया।
2. इसने संयुक्त प्रभाव चुनौतियों की शुरुआत पर प्रकाश डाला, जिसका उद्देश्य रक्षा और एयरोस्पेस में साझा विकास तथा सह-उत्पादन को आगे बढ़ाना है।
3. शिखर सम्मेलन ने रक्षा क्षेत्र में स्टार्टअप और सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यमों (MSME) को स्थापित अभिकर्त्ताओं के साथ जुड़ने, ज्ञान के आदान-प्रदान एवं साझेदारी की सुविधा के लिये एक मंच प्रदान किया।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

1. केवल एक

2. केवल दो

3. सभी तीन

4. इनमें से कोई भी नहीं

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**द्वितीय इंडस-एक्स शिखर सम्मेलन:**

- संयुक्त राज्य अमेरिका के रक्षा विभाग (Department of Defense- DoD) और भारतीय रक्षा मंत्रालय (Ministry of Defense- MoD) ने नई दिल्ली में आयोजित **दूसरे भारत-अमेरिका डिफेंस एक्सेलेरेशन इकोसिस्टम (इंडस-एक्स) शिखर सम्मेलन** में भाग लिया।
- शिखर सम्मेलन का आयोजन संयुक्त रूप से **इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस (iDEX)**, MoD और DoD द्वारा किया गया था तथा अमेरिका-भारत व्यापार परिषद (US-India Business Council- USIBC) एवं सोसाइटी ऑफ इंडिया डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (SIDM) द्वारा समन्वयित किया गया था।
- **प्रमुख विशेषताएँ:**
    - शिखर सम्मेलन में **स्वतंत्र और निर्बाध हिंद-प्रशांत क्षेत्र** को सुनिश्चित करने में प्रमुख साझेदार के रूप में भारत तथा अमेरिका की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर ज़ोर दिया गया। **अतः कथन 1 सही है।**
    - सम्मलेन में हुई चर्चाएँ उन्नत सैन्य क्षमताओं के सह-उत्पादन, रक्षा आपूर्ति शृंखलाओं को मज़बूत करने और साझा सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिये अंतर-संचालनीयता बढ़ाने पर केंद्रित थी।
    - भारतीय और अमेरिकी उद्योगों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से रक्षा प्रौद्योगिकियों में नवाचार को बढ़ावा देने पर ज़ोर दिया गया।
        - शिखर सम्मेलन ने रक्षा क्षेत्र में स्टार्टअप और **सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यमों (MSME)** को स्थापित अभिकर्त्ताओं के साथ जुड़ने, ज्ञान के आदान-प्रदान एवं साझेदारी की सुविधा के लिये एक मंच प्रदान किया। **अतः कथन 3 सही है।**
    - शिखर सम्मेलन ने **संयुक्त IMPACT चुनौतियों (Joint IMPACT Challenges)** पहल की शुरुआत को रेखांकित किया, जिसका लक्ष्य रक्षा और एयरोस्पेस में साझा एवं सह-उत्पादन को सहयोगात्मक रूप से आगे बढ़ाना है, जिसमें अग्रणी समाधानों में स्टार्टअप शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

[और पढ़ें...]

---

**Question 48:**

विद्युत (उपभोक्ता अधिकार) नियम (A), 2020 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. 10 kW क्षमता तक की प्रणालियों के लिये तकनीकी व्यवहार्यता अध्ययन की आवश्यकता से छूट दी गई है।
2. 5 किलोवाट क्षमता तक की छत पर सौर PV प्रणालियों के लिये आवश्यक वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने का कार्य वितरण कंपनी द्वारा अपनी लागत पर किया जाएगा।
3. उपभोक्ता अब अपने इलेक्ट्रिक वाहनों (EV) को चार्ज करने के लिये अलग से बिजली कनेक्शन प्राप्त कर सकेंगे।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

1. केवल एक

2. केवल दो

3. सभी तीन

4. इनमें से कोई भी नहीं

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**विद्युत (उपभोक्ता अधिकार) नियम (A), 2020:**

- 10 kW क्षमता तक की प्रणालियों के लिये तकनीकी व्यवहार्यता अध्ययन की आवश्यकता से छूट दी गई है। **अतः कथन 1 सही है।**
- 5 किलोवाट क्षमता तक की छत पर सौर PV प्रणालियों के लिये आवश्यक वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने का कार्य वितरण कंपनी द्वारा अपनी लागत पर किया जाएगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- उपभोक्ता अब अपने इलेक्ट्रिक वाहनों (EV) को चार्ज करने के लिये अलग से बिजली कनेक्शन प्राप्त कर सकेंगे। **अतः कथन 3 सही है।**

---

**Question 49:**

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एमेच्योर रेडियो (HAM रेडियो) एक व्यापक रूप से पसंद किया जाता है जो गैर-व्यावसायिक उद्देश्यों के लिये रेडियो आवृत्तियों का उपयोग करता है, रेडियो तरंगों के माध्यम से तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देता है।
2. आइलैंड ऑन द एयर (IOTA), 1964 से वैश्विक एमेच्योर रेडियो को द्वीप स्टेशनों से जोड़ने एवं द्वीपों को संचार समूहों में वर्गीकृत करने वाला एक कार्यक्रम है।

ऊपर दिये गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1

2. केवल 2

3. 1 और 2 दोनों

4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

- **आंध्र प्रदेश के नचुगुंटा द्वीप** पर चक्रवात शेल्टरों से अंतमि मील तक संचार स्थापति करने के लयि **एमेच्योर रेडयिो ऑपरेटरों (HAM)** द्वारा एक प्रतबिद्ध समूह **आइलैंड ऑन द एयर (IOTA) अभयिान** में भाग लयि। उसका लक्ष्य बेहतर आपदा प्रतक्रियिा के लयि**स्कूलों में HAM शक्षिा को शामलि करना** था।
- अभयिान की सफलता **HAM ऑपरेटरों की तकनीकी कौशल को दर्शाती** है, **प्राकृतकि आपदाओं के लयि सामुदायकि भागीदारी** के साथ-साथ तैयारयिों पर भी ज़ोर देती है एवं **दूरस्थ क्षेत्रों में आपातकालीन संचार** को बढ़ाते हुए **भारत की एमेच्योर रेडयिो क्षमताओं को प्रदर्शति** करती है।
- **एमेच्योर रेडयिो (HAM रेडयिो)** व्यापक रूप से पसंद कयिा जाता है जो **गैर-व्यावसायकि उद्देश्यों के लयि रेडयिो फ्रीक्वेंसी का उपयोग** करता है, **तकनीकी शक्षिा, सामुदायकि जुड़ाव के साथ रेडयिो तरंगों के माध्यम से वैश्वकि कनेक्टविटिी** को बढ़ावा देता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **आइलैंड्स ऑन द एयर (IOTA),** वैश्वकि एमेच्योर रेडयिो को द्वीप स्टेशनों से जोड़ने वाला एक कार्यक्रम है, जसिका**प्रबंधन IOTA लमिटिेड तथा रेडयिो सोसाइटी ऑफ ग्रेट ब्रटिेन (RSGB) द्वारा** कयिा जाता है, जो **वर्ष 1964 से द्वीपों को संचार समूहों में वर्गीकृत** करता है। **अतः कथन 2 सही है।**

और पढ़ें...

---

**Question 50:**

तारों की बाइनरी प्रणाली के संबंध में नम्निलखिति कथनों पर वचिार करें:

1. यह उन तारों के युग्म को संदर्भति करता है जो गुरुत्वाकर्षण से एक दूसरे से बंधे होते हैं और साथ ही द्रव्यमान के एक सामान्य केंद्र के चारों ओर परक्रिमा करते हैं।
2. एक अनुमान के अनुसार 85% या अधकि तारे वास्तव में बाइनरी अथवा बहु-तारा प्रणाली का हसि्सा हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. 1 और 2 दोनों

**Correct Answer :** 4

## Explanation

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- यह उन **तारों के युग्म को संदर्भित** करता है जो गुरुत्वाकर्षण से एक दूसरे से बंधे होते हैं और साथ ही द्रव्यमान के एक सामान्य केंद्र के चारों ओर परिक्रमा करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- एक अनुमान के अनुसार 85% या अधिक तारे वास्तव में बाइनरी अथवा बहु-तारा प्रणाली का हिस्सा हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- **वर्गीकरण:**
  - **विज़ुअल बाइनरीज़:** इनमें दो तारे शामिल हैं **जिन्हें टेलीस्कोप का उपयोग करके अलग किया जा सकता है** , जिससे उन्हें पहचानना सबसे आसान हो जाता है।
  - **स्पेक्ट्रोस्कोपिक बाइनरीज़:** ये तारे इतने समीप होते हैं कि इन्हें शक्तिशाली टेलीस्कोप से भी आसानी से नहीं देखा जा सकता है।
    - हालाँकि उनकी वर्णक्रमीय रेखाओं में आवधिक बदलावों को देखकर उनकी उपस्थिति का पता लगाया जा सकता है।
  - **ग्रहणशील बाइनरीज़:** ये बाइनरी सिस्टम इस तरह से संरेखित हैं कि एक तारा समय-समय पर दूसरे के सामने से गुज़रता है।
    - यह घटना **संयुक्त प्रणाली की चमक में एक अस्थायी गिरावट उत्पन्न करती है,** जिससे खगोलविदों को अदृश्य तारे की उपस्थिति की पुष्टि करने के साथ उसके गुणों का अध्ययन करने की अनुमति प्राप्त होती है।

और पढ़ें...

---

**Question 51:**

'संत गुरु रविदास' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उन्हें रैदास, रोहिदास और रूहीदास जैसे विभिन्न नामों से जाने जाने वाले, वह पारंपरिक रूप से चमड़े के काम से जुड़े समुदाय (मोची परिवार) से थे।
2. उन्होंने भक्ति आंदोलन में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया, ईश्वर के प्रति समर्पण और आध्यात्मिक समानता को बढ़ावा दिया।
3. उनकी कुछ रचनाएँ पवित्र ग्रंथ, गुरु ग्रंथ साहिब जी में शामिल हैं, जो उनके साहित्यिक और दार्शनिक महत्त्व को बढ़ाती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

1. केवल एक
2. केवल दो
3. सभी तीन
4. इनमें से कोई भी नहीं

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- संत गुरु रविदास, जिनका जन्म 1377 ई. में सीर गोवर्धनपुर, उत्तर प्रदेश में हुआ था, एक संत, दार्शनिक, कवि और समाज सुधारक के रूप में पूजनीय हैं।
  - रैदास, रोहिदास और रूहीदास जैसे विभिन्न नामों से जाने जाने वाले, वह पारंपरिक रूप से चमड़े के काम से जुड़े समुदाय (मोची परिवार) से थे। **अतः कथन 1 सही है।**
- गुरु रविदास ने **भक्ति आंदोलन** में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया, ईश्वर के प्रति समर्पण और आध्यात्मिक समानता को बढ़ावा दिया।**अतः कथन 2 सही है।**

- गुरु रविदास की शिक्षाओं में **मानवाधिकार, समानता और आध्यात्मिक ज्ञान** पर ज़ोर दिया गया।
- उनकी कुछ रचनाएँ पवित्र ग्रंथ, **गुरु ग्रंथ साहिब** जी में शामिल हैं, जो उनके साहित्यिक और दार्शनिक महत्त्व को बढ़ाती हैं।**अतः कथन 3 सही है।**

और पढ़ें...

---

**Question 52:**

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सुदर्शन सेतु, जिसे ओखा-बेयट द्वारका सिग्नेचर ब्रिज के नाम से भी जाना जाता है, भारत का सबसे लंबा केबल-आधारित पुल है।
2. बेयट द्वारका गुजरात तट पर सबसे बड़ा द्वीप है और केंद्रशासित प्रदेश दीव दूसरा सबसे बड़ा द्वीप है।
3. सुदर्शन सेतु भारत का सबसे लंबा पुल होने के साथ-साथ देश का सबसे लंबा समुद्री पुल भी है।

ऊपर दिये गए कितने कथन सही नहीं हैं:

1. केवल एक
2. केवल दो
3. सभी तीन
4. कोई भी नहीं

**Correct Answer :** 2

## Explanation

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **भारत के प्रधानमंत्री ने सुदर्शन सेतु (जिसे ओखा-बेयट द्वारका सिग्नेचर ब्रिज के रूप में भी जाना जाता है) का उद्घाटन किया, जो गुजरात में ओखा मुख्य भूमि तथा बेयट द्वारका द्वीप को जोड़ने वाला भारत का सबसे लंबा केबल-आधारित पुल है। अतः कथन 1 सही है।**
- **बेयट द्वारका,** केंद्रशासित प्रदेश **दीव के बाद गुजरात तट पर दूसरा सबसे बड़ा द्वीप** है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **सौराष्ट्र** के समुद्री तट के साथ चलने वाले **राष्ट्रीय राजमार्ग (NH) 51** के एक हिस्से के रूप में निर्मित पुल, गुजरात सड़क एवं भवन विभाग के NH अनुभाग द्वारा निर्मित किया गया था।
    - **अटल सेतु,** भारत का सबसे लंबा पुल होने के साथ-साथ देश का सबसे लंबा समुद्री पुल भी है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

और पढ़ें ...

---

**Question 53:**

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ग्रहों का निर्माण तब होता है जब किसी युवा तारे के चारों ओर घूम रही धूल और गैस टकराती हैं तथा एक साथ चिपक जाती हैं।
2. ग्रह अतिविशाल ब्लैक होल के समीप निर्मित हो सकते हैं तथा इन्हें ब्लैनेट कहा जाता है।

ऊपर दिये गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- ग्रहों का निर्माण तब होता है जब किसी **युवा तारे के चारों ओर घूम रही धूल और गैस टकराती** हैं एवं **एक साथ चिपक** जाती हैं। इसी तरह की प्रक्रिया अतिविशाल ब्लैक होल के समीप निर्मित हो सकते हैं, जहाँ **ग्रह वलय के अंदर आकार** लेते हैं और **अंततः ब्लैनेट** निर्मित होते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- **जापान** के वैज्ञानिकों ने **वर्ष 2019 में सिद्धांत** दिया कि **ग्रह अपने आसपास के क्षेत्र में देखे गए विशाल धूल और गैस के बादलों** से **अतिविशाल ब्लैक होल के समीप निर्मित** हो सकते हैं। इन ग्रहों, जिन्हें "ब्लैनेट" कहा जाता है, का **पृथ्वी से सदृश होने का अनुमान नहीं** है। **अतः कथन 2 सही है।**

[और पढ़ें ...]

---

**Question 54:**

'सरकारी सुरक्षा (G-Sec)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह केंद्र सरकार या राज्य सरकारों द्वारा जारी एक व्यापार योग्य लिखित है।
2. यह एक प्रकार का ऋण लिखित है जो सरकार द्वारा अपने **राजकोषीय घाटे** के वित्तपोषण हेतु जनता से धन उधार लेने के लिये जारी किया जाता है।
3. इनमें **व्यावहारिक रूप से डिफॉल्ट का कोई जोखिम नहीं होता** है और इसलिये इन्हें **जोखिम मुक्त श्रेष्ठ प्रतिभूति लिखित** (Risk-Free Gilt-Edged Instruments) कहा जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

1. केवल एक

2. केवल दो

3. सभी तीन

4. कोई नहीं

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- सरकारी प्रतिभूति (G-Sec) **केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकारों** द्वारा जारी एक व्यापार योग्य लिखित (Instrument) है।**अतः कथन 1 सही है।**
- G-Sec एक प्रकार का **ऋण साधन** है जो सरकार द्वारा अपने **राजकोषीय घाटे** के वित्तपोषण हेतु जनता से धन उधार लेने के लिये जारी किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - यह सरकार के **ऋण दायित्व को स्वीकार** करता है।
        - ये प्रतिभूतियाँ **अल्पावधि** (आमतौर पर राजकोष/खजाना बिल कहलाती हैं, एक वर्ष से कम की मूल परिपक्वता के साथ- वर्तमान में तीन अवधियों में जारी की जाती हैं अर्थात् 91-दिन, 182 दिन और 364 दिन) अथवा**दीर्घावधि** (जिसे आमतौर पर **सरकारी बॉण्ड या दिनांकित** कहा जाता है, एक वर्ष अथवा उससे अधिक की मूल परिपक्वता वाली प्रतिभूतियाँ) की होती हैं।
- सरकारी प्रतिभूतियों (**G-Sec) में** व्यावहारिक रूप से **डिफॉल्ट का कोई जोखिम नहीं होता** है और इसलिये ये **जोखिम मुक्त श्रेष्ठ प्रतिभूति लिखित** (Risk-Free Gilt-Edged Instruments) कहलाते हैं।
- **अतः कथन 3 सही है।**

और पढ़ें...

---

**Question 55:**

निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये:

1. आइसलैंड
2. लातविया
3. लिथुआनिया

उपर्युक्त देशों में से कितने नॉर्डिक-बाल्टिक सहयोग के सदस्य हैं?

1. केवल एक

2. केवल दो

3. सभी तीन

4. इनमें से कोई भी नहीं

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **नॉर्डिक-बाल्टिक सहयोग:**
  - नॉर्डिक-बाल्टिक सहयोग वर्ष 1992 में स्थापित एक अनौपचारिक क्षेत्रीय सहयोग गठन है, जो **5 नॉर्डिक** (फिनलैंड, स्वीडन, नॉर्वे, डेनमार्क और **आइसलैंड**) और **3 बाल्टिक देशों** (एस्टोनिया, **लातविया** और **लिथुआनिया**) को एक साथ लाता है।
  - वर्ष 2024 में NB8 की अध्यक्षता **स्वीडन** द्वारा की जा रही है।
- **अतः विकल्प C सही है।**

और पढ़ें...

---

**Question 56:**

श्री मोरारजी देसाई के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान भारत के संविधान का चौवालीसवाँ संशोधन अधिनियमित किया गया था।
2. उन्होंने व्यक्तिगत सत्याग्रह और भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1

2. केवल 2

3. 1 और 2 दोनों

4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**श्री मोरारजी देसाई:**

- मोरारजी देसाई एक भारतीय राजनीतिज्ञ और कार्यकर्त्ता थे जिन्होंने वर्ष 1977 से वर्ष 1979 तक **भारत के चौथे प्रधानमंत्री** के रूप में कार्य किया।
  - प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान**भारतीय संविधान का चवालीसवाँ संशोधन अधिनियिमित किया गया** था। **अतः कथन 1 सही है।**
- **सविनय अवज्ञा आंदोलन** के दौरान मोरारजी देसाई कॉन्ग्रेस में शामिल हुए। उन्हें तीन बार कारावास की सज़ा दी गई और उन्होंने **व्यक्तिगत सत्याग्रह** तथा **भारत छोड़ो आंदोलन** में सक्रिय रूप से भाग लिया। **अतः कथन 2 सही है।**
  - वह **वर्ष 1952 में बॉम्बे के मुख्यमंत्री** बने और वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री, तत्कालीन वित्त मंत्री के रूप में भी कार्य किया। उन्होंने **कामराज योजना** के तहत अपने पद से इस्तीफा दिया और प्रशासनिक सुधार आयोग की अध्यक्षता की। वर्ष 1977 में उन्होंने प्रधानमंत्री का पद ग्रहण किया।

---

**Question 57:**

नेशनल मिशन ऑन सस्टेनिंग हिमालयन ईकोसिस्टम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे वर्ष 2010 में शुरु किया गया था परंतु सरकार द्वारा औपचारिक रूप से वर्ष 2014 में इसे अनुमोदित किया गया था।
2. इसमें केवल ग्यारह राज्य शामिल हैं, जिनमें हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिज़ोरम, त्रिपुरा, मेघालय, असम और पश्चिम बंगाल शामिल हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 1

## Explanation

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**नेशनल मिशन ऑन सस्टेनिंग हिमालयन ईकोसिस्टम (2010):**

- NMSHE कार्यक्रम को वर्ष 2010 में शुरु किया गया था परंतु सरकार द्वारा औपचारिक रूप से वर्ष 2014 में इसे अनुमोदित किया गया था।**अतः, कथन 1 सही है।**
- यह विभिन्न क्षेत्रों में एक बहु-आयामी, क्रॉस-कटिंग मिशन है ।
- यह जलवायु परिवर्तन के बेहतर प्रबंधन द्वारा देश के सतत विकास में योगदान देता है, जो इसके संभावित प्रभावों और हिमालय के उन क्षेत्रों, जिन

पर भारत की आबादी का एक महत्त्वपूर्ण अनुपात जीविका के लिये निर्भर है, को आवश्यक अनुकूल दशाएँ प्रदान करता है।

- **राज्य विस्तार :**
    - **ग्यारह राज्य:** हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिज़ोरम, त्रिपुरा, मेघालय, असम और पश्चिम बंगाल।
    - **दो केंद्रशासित प्रदेश:** जम्मू- कश्मीर और लद्दाख।
- **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

---

**Question 58:**

हरित नौका पहल के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्देश्य मेरीटाइम अमृत काल विज़न 2047 के अनुसार ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करना है।
2. दिशा-निर्देशों के अनुसार, सभी राज्यों को अगले एक दशक में अंतर्देशीय जलमार्ग-आधारित यात्री जहाज़ों/बेड़े में 50% और वर्ष 2045 तक 100% हरित ईंधन का प्रयोग करने का प्रयास करना होगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **हरित नौका पहल:**
    - **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय** ने जनवरी 2024 में अंतर्देशीय जहाज़ों के लिये **हरित नौका दिशा-निर्देश** जारी किये।
- **दिशा-निर्देश:**
    - **दिशा-निर्देशों के अनुसार, सभी राज्यों को अगले एक दशक में अंतर्देशीय जलमार्ग-आधारित यात्री जहाज़ों/बेड़े में 50% और वर्ष 2045 तक 100% हरित ईंधन का प्रयोग करने का प्रयास करना होगा। अतः कथन 2 सही है।**
    - इसका उद्देश्य मेरीटाइम अमृत काल विज़न 2047 के अनुसार ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करना है। **अतः कथन 1 सही है।**

---

**Question 59:**

'गर्भनी-GA2' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह आनुवंशिक एल्गोरिदम पर आधारित है जो विकास एवं प्राकृतिक चयन सिद्धांतों से प्रेरित अनुकूलन तकनीक है।
2. यह भारत सरकार के जैवप्रौद्योगिकी विभाग (DBT) का एक प्रमुख कार्यक्रम है।
3. इसे गर्भावस्था की पहली तिमाही में भ्रूण की गर्भकालीन आयु (GA) का सटीक निर्धारण करने के लिये तैयार किया गया है।

उपर्युक्त में से में से कितने कथन सही हैं?

1. केवल एक

2. केवल दो

3. सभी तीन

4. कोई भी नहीं

**Correct Answer :** 2

## Explanation

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- गार्भिनी, भारत सरकार के **जैवप्रौद्योगिकी विभाग (DBT) का एक प्रमुख कार्यक्रम** है। **अतः कथन 2 सही है.**
- गर्भ-इनी GA-2 **आनुवंशिक एल्गोरिदम पर आधारित** है। आनुवंशिक एल्गोरिथम विकास के साथ-साथ प्राकृतिक चयन सिद्धांतों से प्रेरित एक अनुकूलन तकनीक है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास** तथा **ट्रांसलेशनल हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट, फरीदाबाद** के शोधकर्त्ताओं ने **गर्भिनी GA2 नामक एक भारत विशिष्ट कृत्रिम बुद्धिमत्ता मॉडल** विकसित करने के लिये सहयोग किया है, जो**दूसरे चरण और गर्भावस्था की तीसरी तिमाही में भ्रूण की गर्भकालीन आयु (GA) का सटीक निर्धारण करने हेतु** तैयार किया गया है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

---

**Question 60:**

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. GROW पोर्टल को भुवन प्लेटफॉर्म पर शुरू किया गया है, जो कृषि-वानिकी उपयुक्तता से संबंधित राज्य और ज़िला-स्तरीय डेटा तक सार्वभौमिक पहुँच सुनिश्चित करता है।
2. पोर्टल रिमोट सेंसिंग एवं भौगोलिक सूचना प्रणाली तकनीक से प्राप्त विषयगत डेटासेट का उपयोग करता है।
3. GROW रिपोर्ट का लक्ष्य वर्ष 2030 तक मृदा अपरदन निष्प्रभावीकरण की राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं को प्राप्त करने के लिये पुनर्नवीकरण परियोजनाओं को सुविधाजनक बनाना है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही **नहीं** है/हैं?

1. केवल एक

2. केवल दो

3. सभी तीन

4. इनमें से कोई भी नहीं

**Correct Answer :** 4

## Explanation

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- ग्रो पोर्टल को **भुवन प्लेटफॉर्म** पर शुरू किया गया है, जो **कृषि-वानिकी** उपयुक्तता से संबंधित राज्य और ज़िला-स्तरीय डेटा तक सार्वभौमिक पहुँच सुनिश्चित करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- पोर्टल **रिमोट सेंसिंग** एवं **भौगोलिक सूचना प्रणाली** तकनीक से प्राप्त विषयगत डेटासेट का उपयोग करता है, जो कृषि वानिकी उपयुक्तता को प्रभावित करने वाले कारकों पर व्यापक जानकारी प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **GROW रिपोर्ट का लक्ष्य वर्ष 2030 तक 26 मिलियन हेक्टेयर बंजर (परती) भूमि को दोबारा से विकसित करना और 2.5 से 3 बिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड** के बराबर अतिरिक्त कार्बन सिंक बनाना है। **अतः कथन 3 सही है।**

---

**Question 61:**

निम्नलिखित गतिविधियों पर विचार कीजिये:

1. कृषि गतिविधियाँ
2. पशुपालन
3. बायोमास दहन

उपर्युक्त में से कितने नाइट्रोजन प्रदूषण के स्रोत हैं?

1. केवल एक

2. केवल दो

3. सभी तीन

4. इनमें से कोई नहीं

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- नाइट्रोजन प्रदूषण का तात्पर्य **पर्यावरण में**, मुख्य रूप से जल स्रोतों जैसे नदियों और झीलों में **नाइट्रोजन यौगिकों की अत्यधिक मात्रा** से है।
- **नाइट्रोजन प्रदूषण के स्रोत:**
  - **कृषि गतिविधियाँ:** नाइट्रोजन प्रदूषण के प्रमुख कारकों में से एक **नाइट्रोजन-आधारित उर्वरक** की बढ़ती खपत है, जो उपयोग के दौरान भूजल को दूषित कर सकता है अथवा सतही जल स्रोतों में प्रवाहित हो सकता है।
  - **औद्योगिक प्रक्रियाएँ:** विनिर्माण प्रक्रियाओं, विशेष रूप से **नाइट्रोजन-आधारित रसायनों** और उर्वरकों **के उत्पादन** के दौरान पर्यावरण में नाइट्रोजन यौगिकों का उत्सर्जन होता है।
    - **उद्योगों में जीवाश्म ईंधन के दहन से भी वायुमंडल में नाइट्रोजन ऑक्साइड (NOx) उत्सर्जित होता है।**
  - **पशुधन:** पशुधन अपशिष्ट, मुख्य रूप से **खाद और पशुओं का मूत्र**, में **अमोनिया** जैसे नाइट्रोजन यौगिक होते हैं जो पर्यावरण को प्रभावित करते हैं।
    - पशुधन अपशिष्ट के अनुचित भंडारण और प्रबंधन से नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ सकती है, जल स्रोत दूषित हो सकते हैं तथा सुपोषण/यूट्रोफिकेशन में वृद्धि हो सकती है।
    - पशुधन क्षेत्र वर्तमान में **प्रति वर्ष 65 टेराग्राम (Tg)** नाइट्रोजन उत्सर्जित करता है जो वर्तमान में कुल मानव-प्रेरित नाइट्रोजन उत्सर्जन का एक तिहाई है।
  - **बायोमास दहन:** वनाग्नि और **ईंधन के रूप में पशुओं के उपलों का इस्तेमाल** करने से वायुमंडल में नाइट्रोजन ऑक्साइड (NOx) तथा नाइट्रस ऑक्साइड ($N_2O$) का उत्सर्जन होता है।
    - ये उत्सर्जन **वायु प्रदूषण** में योगदान करते हैं और वायुमंडलीय रसायन विज्ञान तथा **जलवायु** पर क्षेत्रीय एवं वैश्विक रूप से प्रभावित कर सकते हैं।
- **अतः विकल्प C सही है।**

और पढ़ें...

---

**Question 62:**

अनुसंधान और विकास (R&D) के संबंध में भारत का परिव्यय के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हाल के वर्षों में सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में अनुसंधान एवं विकास पर भारत का व्यय बढ़ा है।
2. विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार नीति 2013 का लक्ष्य अनुसंधान तथा विकास (जीईआरडी) पर सकल व्यय को भारत के सकल घरेलू उत्पाद के 2% तक बढ़ाना है।
3. अधिकांश विकसित देश अपने सकल घरेलू उत्पाद का 2% से 4% के बीच अनुसंधान एवं विकास के लिये आवंटित करते हैं।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

1. केवल एक

2. केवल दो

3. सभी तीन

4. इनमें से कोई नहीं

**Correct Answer :** 2

## Explanation

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**अनुसंधान और विकास (R&D) के संबंध में भारत का परिव्यय:**

- भारत का अनुसंधान और विकास व्यय:
  - अनुसंधान और विकास (R&D) के संबंध में भारत का परिव्यय वर्ष 2020-21 में **घट कर सकल घरेलू उत्पाद का मात्र 0.64% हो गया** जो वर्ष 2008-2009 में 0.8% और वर्ष 2017-2018 में 0.7% था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - सरकारी अभिकरणों द्वारा अनुसंधान और विकास परिव्यय बढ़ाने हेतु आह्वान किया जाता रहा है किंतु इसका समाधान नहीं किया गया जो एक चिंताजनक विषय है।
  - वर्ष **2013** में **विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार नीति** बनाई गई जिसका लक्ष्य **अनुसंधान तथा विकास पर सकल व्यय (GERD)** को सकल घरेलू उत्पाद के 2% तक बढ़ाना था, यह लक्ष्य वर्ष 2017-2018 के **आर्थिक सर्वेक्षण** में पुनः निर्धारित किया गया। **अतः कथन 2 सही है।**
    - हालाँकि R&D परिव्यय में हुई कमी के कारण स्पष्ट नहीं हैं। इसके संभावित कारकों में **सरकारी अभिकरणों के के बीच अपर्याप्त समन्वय** और अनुसंधान एवं विकास परिव्यय को प्राथमिकता देने के लिये **सुदृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी** शामिल हो सकती है।
- **विकसित देशों का अनुसंधान एवं विकास व्यय:**
  - तुलनात्मक रूप से, **अधिकांश विकसित देश** अपने **सकल घरेलू उत्पाद का 2% से 4%** के बीच **अनुसंधान एवं विकास** के लिये आवंटित करते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

और पढ़ें...

---

**Question 63:**

लोकपाल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रपति द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) की अध्यक्षता वाली चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर लोकपाल के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति करते हैं।
2. लोकपाल में एक अध्यक्ष और आठ सदस्य हो सकते हैं, जिनमें चार न्यायिक तथा चार गैर-न्यायिक होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1

2. केवल 2

3. 1 और 2 दोनों

4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 2

## Explanation

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**लोकपाल:**

- **लोकपाल के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति** द्वारा प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली **चयन समिति की सिफारिशें** प्राप्त करने के बाद की जाती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **लोकपाल में एक अध्यक्ष के अलावा आठ सदस्य हो सकते हैं**, चार न्यायिक और चार गैर-न्यायिक। **अतः कथन 2 सही है।**
- हाल ही में **सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अजय माणकिराव खानविलकर को लोकपाल का अध्यक्ष नियुक्त** किया गया। लगभग दो वर्ष तक उक्त पद रिक्त रहने के बाद यह नियुक्ति हुई है।

और पढ़ें...

---

**Question 64:**

वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (FATF) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह वैश्विक मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादी वित्तपोषण निगरानीकर्त्ता है जिसकी स्थापना वर्ष 1989 में G-7 देशों की पेरिस में आयोजित बैठक में की गई थी।
2. हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात (UAE) को FATF ग्रेलिस्ट में शामिल किया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 1

## Explanation

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (FATF):**

- **FATF** वैश्विक **मनी लॉन्ड्रिंग** और **आतंकवादी वित्तपोषण** निगरानीकर्त्ता है जिसकी स्थापना वर्ष 1989 में G-7 देशों की पेरिस में आयोजित बैठक में की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
  - प्रारंभ में इसका उद्देश्य मनी लॉन्ड्रिंग से निपटने के उपायों की जाँच और विकास करना था।
  - अमेरिका पर 9/11 के हमलों के बाद वर्ष 2001 में FATF ने आतंकवादी वित्तपोषण से निपटने के प्रयासों को शामिल करने के लिये **अपने जनादेश का विस्तार किया**।
- हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात (UAE) को फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (FATF) की ग्रे सूची से हटाने से निवेश परिदृश्य, खासकर भारत की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFC) में सकारात्मक परिवर्तन होने की संभावनाएँ हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

[और पढ़ें...]

---

**Question 65:**

**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** मोटापा हृदय रोग, मधुमेह, मस्कुलोस्केलेटल विकार और कुछ कैंसर जैसी पुरानी बीमारियों के लिये एक प्रमुख जोखिम कारक है।

**कथन-II:** मोटापा एक क्रॉनिक बीमारी है जो तब होती है जब शरीर अतिरिक्त कैलोरी को वसा के रूप में संग्रहीत करता है।

उपरोक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

1. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।
2. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
3. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
4. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**Correct Answer :** 2

## Explanation

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**मोटापा:**

- अधिक वज़न और मोटापे को असामान्य या अत्यधिक वसा संचय के रूप में परिभाषित किया गया है जो स्वास्थ्य जोखिम उत्पन्न करता है।
- मोटापा हृदय रोग, मधुमेह, मस्क्यूलोस्केलेटल विकार और कुछ **कैंसर** जैसी पुरानी बीमारियों के लिये एक प्रमुख जोखिम कारक है। **अतः कथन-I सही है।**
- अधिक वज़न अत्यधिक वसा जमा होने की स्थिति है और **मोटापा एक क्रॉनिक बीमारी** है जो तब होती है जब शरीर अतिरिक्त कैलोरी को वसा के रूप में संग्रहीत करता है। **अतः कथन-II सही है।**
- मोटापा **कुपोषण के दोहरे बोझ** का एक पक्ष है और आज दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र को छोड़कर हर क्षेत्र में **अधिकांश लोग कम वज़न वाले लोगों की तुलना में मोटापे से ग्रस्त** हैं।

**अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II कथन I के लिये सही स्पष्टीकरण नहीं है।**

और पढ़ें...

---

**Question 66:**

सुदर्शन सेतु के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत का सबसे लंबा केबल आधारित पुल है जो गुजरात में स्थित है।
2. इसे ओखा-बेट द्वारका सिग्नेचर ब्रिज के नाम से भी जाना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- सुदर्शन सेतु को ओखा-बेट द्वारका सिग्नेचर ब्रिज के नाम से भी जाना जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह भारत का सबसे लंबा केबल-आधारित पुल है जो ओखा मुख्य भूमि और गुजरात में बेयट द्वारका द्वीप को जोड़ता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- पुल तकनीकी रूप से एक समुद्री लिंक है, जो गुजरात के लिये पहला है, जिसकी कुल लंबाई 4,772 मीटर है, जिसमें 900 मीटर लंबा केबल-रुका हुआ खंड शामिल है।
    - इसमें **फुटपाथ के ऊपरी हिस्से पर सौर पैनल भी लगाए गए** हैं, जिससे एक मेगावाट बिजली उत्पन्न होती है।

और पढ़ें...

---

**Question 67:**

'डाक कर्मयोगी परियोजना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह ग्रामीण डाक सेवकों और डाक विभाग के कर्मचारियों की दक्षता बढ़ाने के लिये एक ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म है।
2. इस पोर्टल को मिशन कर्मयोगी के दृष्टिकोण के तहत 'संस्थान में' विकसित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1

2. केवल 2

3. 1 और 2 दोनों

4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**डाक कर्मयोगी परियोजना:**

- यह ग्रामीण डाक सेवकों और डाक विभाग के कर्मचारियों की दक्षता बढ़ाने के लिये एक ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **मेघदूत पुरस्कार भारतीय डाक द्वारा डाक विभाग में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को दिया जाने वाला एक राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार है।**
- उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता देने और डाक कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिये वर्ष 1984 में पुरस्कार शुरू किये गए थे।
- इस पोर्टल को मिशन कर्मयोगी की परिकल्पना के तहत 'संस्थान में' (In-House) विकसित किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**

और पढ़ें...

---

**Question 68:**

क्लाउड चैटबॉट्स के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. क्लाउड लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM) का एक समूह है।
2. चैटबॉट टेक्स्ट, वॉयस मैसेज और दस्तावेज़ों को संभालने में सक्षम है।
3. इसकी प्रतिक्रियाएँ पूरी तरह से पूर्वाग्रहों से रहित हैं।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

1. केवल एक

2. केवल दो

3. सभी तीन

4. इनमें से कोई भी नहीं

**Correct Answer :** 2

## Explanation

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **क्लाउड के बारे में:**
  - क्लॉड, एंथ्रोपिक द्वारा विकसित **लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM)** का एक समूह है।
    - LLM [जेनरेटिव AI](#) मॉडल का एक विशिष्ट वर्ग है जिसे मानव की भाँति संदेश को समझने और उत्पन्न करने के लिये प्रशिक्षित किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - **चैटबॉट टेक्स्ट, वॉयस मैसेज** और **दस्तावेज़ों** को संभालने में सक्षम है।
  - चैटबॉट अपने प्रतिस्पर्द्धियों की तुलना में तेज़, **प्रासंगिक रेस्पॉन्स जेनरेट** करने में सक्षम है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **क्लाउड 3:**
  - नई रिलीज़ों में, **क्लाउड 3 ओपस** सबसे शक्तिशाली मॉडल है, क्लाउड 3 सॉनेट मध्य मॉडल है जो सक्षम और कीमत प्रतिस्पर्द्धी है तथा क्लाउड 3 हाइकु किसी भी उपयोग के मामले हेतु प्रासंगिक है जिसके लिये तत्काल प्रतिक्रिया की आवश्यकता होती है।
    - क्लाउड सॉनेट वर्तमान में Claude.ai चैटबॉट को निशुल्क संचालित करता है और उपयोगकर्त्ताओं को केवल एक ई-मेल साइन-इन की आवश्यकता होती है।
    - हालाँकि ओपस केवल एंथ्रोपिक के वेब चैट इंटरफेस के माध्यम से उपलब्ध है और यदि किसी उपयोगकर्त्ता ने एंथ्रोपिक वेबसाइट पर क्लाउड प्रो सेवा की सदस्यता ली है।
- **क्लाउड 3 की सीमाएँ:**
  - क्लॉड 3 तथ्यात्मक प्रश्नों का उत्तर देने और ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्निशन (OCR) यानी छवियों से पाठ निकालने की क्षमता जैसे कार्यों में अच्छा प्रदर्शन करता है।
    - कथित तौर पर नया मॉडल निर्देशों का पालन करने और शेक्सपियरियन सॉनेट लिखने जैसे कार्यों को पूरा करने में अच्छा है।
  - हालाँकि कई बार इसे **जटिल तर्क एवं गणितीय समस्याओं से जूझना** पड़ता है। इसने **अपनी प्रतिक्रियाओं में पूर्वाग्रहों का भी प्रदर्शन** किया, जैसे- दूसरों की तुलना में **एक निश्चित नस्लीय समूह का पक्ष लेना**। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

[और पढ़ें...](#)

---

**Question 69:**

भारत में दुग्ध उत्पादन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विश्व में दुग्ध उत्पादन में भारत का स्थान प्रथम देश है।
2. वैश्विक दूध उत्पादन में भारत का योगदान लगभग 54% है।
3. भारतीय डेयरी क्षेत्र में प्रति वर्ष 6% की वृद्धि हो रही है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

1. केवल एक

2. केवल दो

3. सभी तीन

4. इनमें से कोई भी नहीं

**Correct Answer :** 2

## Explanation

**उत्तर: B**

**व्याख्या**:

**भारत में दुग्ध उत्पादन:**

- भारत विश्व में **सर्वाधिक दुग्ध उत्पादक** देश है अर्थात दुग्ध उत्पादन में विश्व में प्रथम स्थान पर है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2021-22 में वैश्विक दुग्ध उत्पादन में भारत का योगदान 24% है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- विगत 10 वर्षों में दुग्ध उत्पादन में लगभग 60% की वृद्धि हुई है और प्रति व्यक्ति दुग्ध की उपलब्धता लगभग 40% बढ़ी है।
    - शीर्ष 5 दुग्ध उत्पादक राज्य राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात और आंध्र प्रदेश हैं।
- वैश्विक औसत 2% की तुलना में भारतीय डेयरी क्षेत्र में प्रति वर्ष 6% की दर से वृद्धि हो रही है। **अतः कथन 3 सही है।**

और पढ़ें...

---

**Question 70:**

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन-I:** INS जटायु समुद्री डकैती रोधी, मादक द्रव्य रोधी और निगरानी मिशनों के लिये हिंद महासागर में भारतीय नौसेना की परिचालन पहुँच को बढ़ाएगा।

**कथन-II:** INS जटायु रणनीतिक रूप से मिनिकॉय में स्थित है और दक्षिणी नौसेना कमान के नौसेना प्रभारी अधिकारी (लक्षद्वीप) के अधीन कार्य करेगा।

उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

1. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है

2. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

3. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है

4. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**Correct Answer :** 1

## Explanation

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**INS जटायु:**

- **INS जटायु** यह बेस हिंद महासागर में **भारतीय नौसेना** की परिचालन पहुँच को बढ़ाने के साथ ही **समुद्री डकैती विरोधी**, **मादक द्रव्य विरोधी और निगरानी कार्यों** के लिये भी इसकी क्षमताओं को बढ़ाता है। **अतः कथन-I सही है।**
- लक्षद्वीप द्वीपसमूह के सुदूर दक्षिणी एटोल मिनिकॉय में स्थित, INS जटायु रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण **समुद्री संचार लाइनों** की अनदेखी करता है, जो इस क्षेत्र में भारत की समुद्री उपस्थिति को सुदृढ़ करता है। **अतः कथन-II सही है।**
- INS जटायु में हवाई अड्डा और कर्मियों के आवास सहित अतिरिक्त बुनियादी ढाँचे की सुविधा होगी जिसका उद्देश्य नौसेना संचालन का समर्थन करना तथा व्यापक सुरक्षा कवरेज सुनिश्चित करना है।
- INS जटायु मिनिकॉय द्वीप पर स्थित है। मिनिकॉय द्वीप **8 डिग्री चैनल** और **9 डिग्री चैनल** जैसी **महत्त्वपूर्ण समुद्री संचार लाइनों (SLOC)** के मध्य स्थित है जिसके परिणामस्वरूप यह अत्यधिक समुद्री यातायात के कारण होने वाले समुद्री प्रदूषण के प्रति अतिसंवेदनशील है।

**अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।**

और पढ़ें...

---

**Question 71:**

हाल ही में लॉन्च किये गए डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म (DIP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक सुरक्षित मंच है जो दूरसंचार सेवा प्रदाताओं, कानून प्रवर्तन एजेंसियों (LEA) आदि जैसे हितधारकों के बीच खुफिया जानकारी साझा करने और सूचना विनिमय की सुविधा प्रदान करता है।
2. यह "दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (TSP), LEA, बैंकों और वित्तीय संस्थानों, सोशल मीडिया प्लेटफार्मों, पहचान दस्तावेज़ जारी करने वाले प्राधिकरणों आदि के लिये एक गैर-सार्वजनिक डेटा-साझाकरण संसाधन होगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म (Digital Intelligence Platform - DIP):**

- DIP दूरसंचार सेवा प्रदाताओं, कानून प्रवर्तन एजेंसियों (LEA), बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के व्यापक स्पेक्ट्रम को कवर करने वाले हितधारकों के बीच खुफिया जानकारी साझा करने के साथ-साथ सूचना विनिमय के माध्यम से दूरसंचार संसाधनों तथा डेटा के दुरुपयोग को रोकने के लिये **DoT द्वारा बनाया गया एक सुरक्षित और एकीकृत मंच** है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह "दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (TSP), LEA, बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों, पहचान दस्तावेज़ जारी करने वाले प्राधिकरणों आदि के लिये एक **गैर-सार्वजनिक डेटा-साझाकरण संसाधन** होगा। **अतः कथन 2 सही है।**

**और पढ़ें:** [डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म और चक्षु](डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म और चक्षु)

---

**Question 72:**

अनजस्ट क्लाइमेट रिपोर्ट निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की गई थी:

1. खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO)
2. जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल (IPCC)
3. विश्व बैंक
4. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)

**Correct Answer :** 1

## Explanation

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**अनजस्ट क्लाइमेट रिपोर्ट:**

- हाल ही में **संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (FAO)** ने एक रिपोर्ट जारी की है, जिसका शीर्षक है- **द अनजस्ट क्लाइमेट**, यह दर्शाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में आय और अनुकूलन पर **जलवायु परिवर्तन** का प्रभाव लिंग, धन तथा उम्र के साथ कैसे भिन्न होता है।
- FAO ने 24 **निम्न मध्यम आय वाले देशों (Lower Middle Income Countries- LMIC)** में 950 मिलियन से अधिक लोगों का प्रतिनिधित्व करने वाले **100,000 से अधिक ग्रामीण परिवारों के सामाजिक** आर्थिक डेटा का विश्लेषण किया।
- **अतः विकल्प A सही है।**

और पढ़ें...

---

**Question 73:**

भांडागारण विकास और नियामक प्राधिकरण (WDRA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के तहत एक वैधानिक प्राधिकरण है।
2. किसानों के भंडारण रसद को आसान बनाने और उनकी उपज के लिये उचित मूल्य सुनिश्चित करने की दिशा में प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिये WDRA की ई-किसान उपज निधि (डिजिटल गेटवे) लॉन्च की गई।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री ने किसानों के भंडारण रसद को आसान बनाने तथा उनकी उपज हेतु उचित मूल्य सुनिश्चित करने की दिशा में प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिये **भांडागारण विकास और नियामक प्राधिकरण** की **'ई-किसान उपज निधि' (डिजिटल गेटवे)** लॉन्च किया। **अतः कथन 2 सही है।**
- WDRA की स्थापना अक्तूबर 2010 में **भांडागारण (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 2007** के तहत की गई थी, जिसका उद्देश्य **गोदामों को विकसित और विनियमित करना**, गोदाम रसीदों की परक्राम्यता को बढ़ावा देना एवं भारत में **भंडारण व्यवसाय के व्यवस्थित विकास को सुविधाजनक बनाना** था।
- WDRA **खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग** के तहत एक **वैधानिक प्राधिकरण** के रूप में कार्य करता है, जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है।
  - यह भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के अंतर्गत एक **वैधानिक प्राधिकरण** है। **अतः कथन 1 सही है।**

और पढ़ें...

---

**Question 74:**

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन-I:** श्रवण बाधिता व श्रवण हानि को रोकने के बारे में जागरूकता बढ़ाने और दुनिया भर में श्रवण देखभाल को बढ़ावा देने के लिये प्रत्येक वर्ष 3 मार्च को विश्व श्रवण दिवस (WHD) के रूप में मनाया जाता है।

**कथन-II:** WHD 2024 का विषय है "जीवन के लिये श्रवण: श्रवण हानि को अपने तक सीमित न रहने दें"।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

1. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
2. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
3. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II ग़लत है।
4. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- श्रवण बाधिता व श्रवण हानि को रोकने के बारे में जागरूकता बढ़ाने और दुनिया भर में श्रवण देखभाल को बढ़ावा देने के लिये प्रत्येक वर्ष 3 मार्च को विश्व श्रवण दिवस (WHD) के रूप में मनाया जाता है। **अतः कथन 1 सही है.**
- **इस वर्ष की थीम "सभी के कान की देखभाल एवं श्रवण क्षमता वृद्धि (Ear and hearing care for all)" है। अतः कथन 2 सही नहीं है।**
    - "जीवन के लिये श्रवण: श्रवण हानि को अपने तक सीमित न रहने दें" विश्व श्रवण दिवस, 2020 का थीम था।
- **अतः विकल्प C सही है क्योंकि कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।**

और पढ़ें...

---

**Question 75:**

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन-I:** विस्कोस स्टेपल फाइबर (VSF), जो लकड़ी अथवा कपास के गूदे से प्राप्त होता है, एक अर्ध-सिंथेटिक सामग्री है जिसमें कपास के समान गुण होते हैं, जो बहुमुखी प्रतिभा, साँस लेने की क्षमता के साथ-साथ जैव-निम्नीकरणीयता प्रदान करता है।

**कथन-II:** भारत में विस्कोस स्टेपल फाइबर (VSF) से संबंधित कठोर गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (QCO) के कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप आयात में 65% की कमी आई।

उपरोक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

1. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I के लिये सही व्याख्या है।

2. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I के लिये सही व्याख्या नही है।

3. कथन-I सही है, कितु कथन-II गलत है।

4. कथन-I गलत है, कितु कथन-II सही है।

**Correct Answer :** 2

## Explanation

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **विस्कोस स्टेपल फाइबर (VSF),** जो लकड़ी अथवा कपास के गूदे से प्राप्त होता है,**एक अर्ध-सिंथेटिक सामग्री है जिसमें कपास के समान गुण** होते हैं, जो **बहुमुखी प्रतिभा, साँस लेने की क्षमता के साथ-साथ जैव-निम्नीकरणीयता** प्रदान करता है। **अतः कथन-I सही है।**
- भारत में **विस्कोस स्टेपल फाइबर (VSF)** से संबंधित कठोर **गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (QCO)** के कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप **आयात में 65% की कमी** आई। **अतः कथन-II सही है।**

**इसलिये विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I के लिये सही व्याख्या नहीं है।**

और पढ़ें...

---

**Question 76:**

निम्नलिखित कथनों पर विचार:

1. INS विक्रांत भारत का पहला स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत है।
2. MILAN अभ्यास- 2024 भारत और बांग्लादेश के बीच एक वार्षिक द्विपक्षीय अभ्यास है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1

2. केवल 2

3. 1 और 2 दोनों

4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 1

## Explanation

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **INS विक्रांत: भारत का पहला स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत,** रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में एक प्रमुख मील का पत्थर सिद्ध हुआ है। **अतः, कथन 1 सही है।**
- **MILAN 2024** पूर्वी नौसेना कमान के तत्त्वावधान में विशाखापत्तनम में आयोजित द्विवार्षिक **बहुपक्षीय नौसेना अभ्यास** का 12वाँ संस्करण है।
    - MILAN का मुख्य उद्देश्य मित्रवत नौसेनाओं के बीच पेशेवर संपर्क को बढ़ाना और समुद्र में बहुपक्षीय बड़ी सेना के संचालन में अनुभव प्राप्त करना है।
    - इसका प्रारंभ **वर्ष 1995** में **अंडमान और निकोबार द्वीप समूह** में हुई। इस संस्करण में **इंडोनेशिया, सिंगापुर, श्रीलंका** और **थाईलैंड** की नौसेनाओं ने भाग लिया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

और पढ़ें...

---

**Question 77:**

निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

**GI टैग राज्य**

1. क्रोशिया लेस शिल्प - आंध्र प्रदेश
2. माजुली मुखौटे - असम
3. पाटन पटोला - गुजरात

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 1 और 2
3. केवल 2 और 3
4. 1, 2 और 3

**Correct Answer :** 4

## Explanation

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **आंध्र प्रदेश** के नरसापुर के पारंपरिक **क्रोशिया लेस शिल्प** को चीन के मशीन-निर्मित लेस उत्पादों से संरक्षण प्रदान करते हुए अपनी विशिष्ट पहचान बनाए रखने के लिये भौगोलिक संकेतक का दर्जा प्रदान किया गया। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- इसी प्रकार सांस्कृतिक महत्त्व का संवर्द्धन और संरक्षण प्रदान करते हुए **असम** के **माजुली मुखौटे** तथा पांडुलिपि चित्रकारी को GI का दर्जा प्रदान किया गया। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- पूर्व में गुजरात के **पाटन पटोला** को भी GI टैग प्रदान किया गया है। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- **अतः विकल्प D सही है।**

और पढ़ें...

---

**Question 78:**

भारत टेक्स 2024 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत के प्रधानमंत्री के 5F विज़न से प्रेरित भारत का सबसे बड़ा वैश्विक वस्त्र कार्यक्रम है।
2. यह 'इनोवेटिव बिज़नेस प्रैक्टिस एंड इकोनॉमिक मॉडल इन द टेक्सटाइल वैल्यू चेन इन इंडिया' (IndiaTex) और टेक्सटाइल ग्रैंड इनोवेशन चैलेंज जैसी पहल के लिये लॉन्चपैड के रूप में कार्य करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **प्रधानमंत्री के 5F विज़न** से प्रेरित भारत में सबसे बड़ा वैश्विक वस्त्र कार्यक्रम **भारत टेक्स- 2024** भारत मंडपम, नई दिल्ली में संपन्न हुआ। **अतः कथन 1 सही है।**
  - **'5F' फॉर्मूला** में फार्म टू फाइबर; फाइबर टू फैक्ट्री; फैक्ट्री टू फैशन; फैशन टू फॉरेन शामिल हैं।
- भारत टेक्स ने **'इनोवेटिव बिज़नेस प्रैक्टिस एंड इकोनॉमिक मॉडल इन द टेक्सटाइल वैल्यू चेन इन इंडिया' (IndiaTex)** और **टेक्सटाइल ग्रैंड इनोवेशन चैलेंज** जैसी पहल के लिये लॉन्चपैड के रूप में काम किया, जिसका लक्ष्य वस्त्र उद्योग में नवाचार तथा स्थिरता को बढ़ावा देना है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - इंडियाटेक्स एक चार-वर्षीय **संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम** परियोजना है जिसका उद्देश्य **भारतीय वस्त्र क्षेत्र को सर्कुलरिटी की ओर ले जाने में** तेज़ी लाना है।

और पढ़ें...

---

**Question 79:**

दुर्लभ रोगों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ऑर्गनाइजेशन ऑफ रेयर डिजीज़ इंडिया (ORDI) ने सुझाव दिया है कि किसी रोग को दुर्लभ तब परिभाषित किया जाना चाहिये जब वह 10,000 लोगों में से 1 या उससे कम को प्रभावित करती हो।
2. दुर्लभ रोगों वैश्विक आबादी के लगभग 10% को प्रभावित करती हैं।
3. भारत वैश्विक दुर्लभ रोग के एक तिहाई मामलों का प्रतिनिधित्व करता है।

ऊपर दिये गए कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

1. केवल 1 और 2
2. केवल 2 और 3
3. केवल 1 और 3
4. 1, 2 और 3

**Correct Answer :** 1

## Explanation

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **दुर्लभ रोग:**
  - दुर्लभ रोगों को मोटे तौर पर आबादी में कभी-कभार होने वाली रोगों के रूप में परिभाषित किया गया है, जिनका प्रसार देशों के बीच अलग-अलग होता है।
  - **विश्व स्वास्थ्य संगठन** दुर्लभ रोगों को प्रायः **प्रति 1000 जनसंख्या पर 1 या उससे कम** की व्यापकता के साथ जीवन पर्यंत दुर्बल करने वाली स्थितियों के रूप में परिभाषित करता है।
  - भारत में **वर्तमान में कोई मानक परिभाषा नहीं** है, लेकिन दुर्लभ रोगों के संगठन भारत (ORDI) ने सुझाव दिया है कि किसी रोग को दुर्लभ के रूप में परिभाषित किया जाना चाहिये यदि यह 5,000 लोगों में से 1 या उससे कम को प्रभावित करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **वैश्विक दुर्लभ रोगों का बोझ:**
  - विश्वभर में **30 करोड़ लोग** दुर्लभ रोगों से प्रभावित हैं।
  - दुर्लभ बीमारियाँ लगभग **3.5% से 5.9% आबादी को** प्रभावित करती हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - 72% दुर्लभ बीमारियाँ **आनुवंशिक** होती हैं, जिनमें से 7000 से अधिक में विभिन्न विकार और लक्षण देखने को मिलते हैं।
- **भारत में दुर्लभ रोगों का परिदृश्य** :
  - भारत वैश्विक दुर्लभ रोग के मामलों में से एक तिहाई का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें 450 से अधिक पहचानी गई बीमारियाँ शामिल हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
  - इस महत्त्वपूर्ण प्रसार के बावजूद, जागरूकता, निदान एवं दवा विकास सीमित होने के कारण भारत में दुर्लभ रोगों को बड़े पैमाने पर अनदेखा किया जाता है।
  - अनुमान है कि 8 से 10 करोड़ से अधिक भारतीय दुर्लभ रोगों से पीड़ित हैं, जिनमें 75% से अधिक बच्चे हैं।

[और पढ़ें...]

---

**Question 80:**

राज्यसभा चुनाव के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राज्यसभा के लिये प्रत्येक राज्य के प्रतिनिधि को उनकी विधानसभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा चुना जाता है।
2. भारतीय संविधान में प्रावधान है कि राज्यसभा के चुनाव में मतदान खुले मतपत्र के माध्यम से किया जाएगा।
3. सुप्रीम कोर्ट ने राज्यसभा चुनाव में मतदाताओं के लिये इनमें से कोई नहीं (नोटा) का विकल्प शामिल करने के विरुद्ध फैसला सुनाया है।

उपरोक्त में से कितने कथन सही हैं?

1. केवल एक
2. केवल दो
3. सभी तीनों
4. इनमें से कोई नहीं

**Correct Answer :** 1

## Explanation

**उत्तर: A**

**व्याख्या**:

- **राज्यसभा चुनाव:**
  - संविधान के **अनुच्छेद 80** के अनुसार, **राज्यसभा** के लिये प्रत्येक राज्य के प्रतिनिधियों को **उनकी विधानसभा के निर्वाचित सदस्यों** द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से चुना जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में संशोधन:**
  - विधायकों द्वारा की गई क्रॉस वोटिंग पर लगाम लगाने के लिये वर्ष 2003 में जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में संशोधन किया गया।
  - **अधिनियम की धारा 59 में यह प्रावधान करने के लिये** संशोधन किया गया कि **राज्यसभा चुनाव में मतदान** खुले मतपत्र के माध्यम से होगा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - राजनीतिक दलों के विधायकों को अपना मतपत्र अपनी पार्टी के अधिकृत अभिकर्त्ता को दिखाना होगा।
- **शैलेश मनुभाई परमार बनाम भारत निर्वाचन आयोग मामला, 2018:**
  - सुप्रीम कोर्ट ने राज्यसभा चुनाव में मतदाताओं को **उपरोक्त में से कोई नहीं (नोटा)** का विकल्प देने से इनकार कर दिया। **अतः कथन 3 सही है।**

[और पढ़ें...]

---

**Question 81:**

घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2022-23 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह प्रत्येक 5 वर्ष में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा आयोजित किया जाता है।
2. इसमें एकत्र किये गए डेटा का उपयोग सकल घरेलू उत्पाद, निर्धनता दर और उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति जैसे विभिन्न अन्य व्यापक आर्थिक संकेतक प्राप्त करने के लिये भी किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 4

## Explanation

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2022-23:**

- हाल ही में **सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय** ने अगस्त 2022 से जुलाई 2023 के दौरान किये गए अखिल भारतीय घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण के परिणामों का प्रकटीकरण किया।
- यह **प्रत्येक 5 वर्ष में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा** आयोजित किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे परिवारों द्वारा वस्तुओं और सेवाओं के उपभोग से संबंधित जानकारी एकत्र करने के लिये अभिकल्पित किया गया है।
- HCES में एकत्र किये गए डेटा का उपयोग **सकल घरेलू उत्पाद, निर्धनता दर और उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति** जैसे विभिन्न अन्य व्यापक आर्थिक संकेतक प्राप्त करने के लिये भी किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

और पढ़ें...

---

**Question 82:**

ओबलिस्कि के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ओबलिस्कि वायरस जैसी इकाइयों का एक नया वर्ग है। वे विविध RNA अणुओं से बने होते हैं जो मानव शरीर एवं वैश्विक माइक्रोबायोम में रहते हैं।
2. उनके आनुवंशिक अनुक्रम लगभग 1,000 न्यूक्लियोटाइड लंबे हैं, जिनमें ज्ञात जैविक एजेंटों के साथ कोई पहचान योग्य समानता नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1

2. केवल 2

3. 1 और 2 दोनों

4. न तो 1 और न ही 2

**Correct Answer :** 3

## Explanation

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**ओबलिस्कि:**

- ओबलिस्कि वायरस जैसी इकाइयों का एक नया वर्ग है। वे विविधि RNA अणुओं से बने होते हैं जो मानव शरीर एवं वैश्वकि माइक्रोबायोम में रहते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- ओबलिस्कि अत्यधकि सममति, **रॉड जैसी संरचनाएँ प्रदर्शति** करते हैं जो **प्रतष्ठिति स्मारकों (ओबलिस्कि)** से मलिती-जुलती हैं। उनके आनुवंशकि अनुक्रम लगभग 1,000 न्यूक्लयिोटाइड लंबे हैं, जनिमें ज्ञात जैवकि एजेंटों के साथ कोई पहचान योग्य समानता नहीं है।**अतः कथन 2 सही है।**
- ओबलिस्कि से जुड़े के रहस्यों को जानने, उनके पारस्थितिकि महत्त्व एवं मानव स्वास्थ्य के प्रभाव पर प्रकाश डालने के लयि और अधकि शोध की आवश्यकता है।

[और पढ़ें...](#)

---

**Question 83:**

भारत में तेंदुओं की स्थतिि पर रपिोर्ट 2022 के संदर्भ में, नम्निलखिति कथनों पर वचिार कीजयि:

1. वर्ष 2018 से वर्ष 2022 तक भारत में तेंदुओं की संख्या में 8% की गरिावट आई।
2. मध्य प्रदेश में तेंदुओं की संख्या सबसे अधकि है, इसके बाद महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमलिनाडु हैं।
3. तेंदुए की आधी से अधकि आबादी शवालकि परदृिश्य में संरक्षति क्षेत्रों के बाहर मौजूद है।

उपर्युक्त कथनों में से कतिने सही हैं?

1. केवल एक

2. केवल दो

3. सभी तीन

4. कोई नहीं

**Correct Answer :** 1

## Explanation

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- वर्ष 2018 में भारत में तेंदुओं की संख्या 12,852 थी जो वर्ष 2022 में **8%** बढ़कर 13,874 हो गई। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **मध्य प्रदेश** में तेंदुओं की संख्या सबसे अधिक (3,907) है, इसके बाद महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडु हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- **तेंदुए की** लगभग **65% आबादी** शिवालिक परिदृश्य में संरक्षित क्षेत्रों के बाहर मौजूद है। **केवल एक तिहाई** तेंदुए ही संरक्षित क्षेत्रों में हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

और पढ़ें...

---

**Question 84:**

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन-I:** निर्मित और प्रयुक्त प्लास्टिक में एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक की हिस्सेदारी सबसे अधिक है।

**कथन-II:** उत्पादन की वर्तमान गति को देखते हुए यह अनुमान लगाया गया है कि वर्ष 2050 तक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में एकल उपयोग वाले प्लास्टिक का योगदान 5-10% तक हो सकता है।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

1. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

2. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

3. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

4. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**Correct Answer :** 2

## Explanation

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- निर्मित और प्रयुक्त प्लास्टिक में एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। **कथन-I सही है।**
- उत्पादन की वर्तमान गति को देखते हुए यह अनुमान लगाया गया है कि वर्ष 2050 तक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में एकल उपयोग वाले प्लास्टिक का योगदान 5-10% तक हो सकता है। **कथन-II सही है।**
- कथन 1 एकल-उपयोग प्लास्टिक के चरम उत्पादन को संदर्भित करता है, जबकि कथन 2 विशिष्ट परिस्थितियों के कारण वर्ष 2050 तक एकल-उपयोग प्लास्टिक से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के अनुमानित हिस्से को संबोधित करता है। दोनों कथन सही हैं और एकल-उपयोग प्लास्टिक मुद्दे के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करते हैं।
- **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।**

और पढ़ें...

---

**Question 85:**

'हीमोफीलिया' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हीमोफीलिया A से पीड़ित व्यक्ति में पर्याप्त मात्रा में फैक्टर IX (फैक्टर 9) की कमी होती है।
2. हीमोफीलिया B से पीड़ित व्यक्ति में क्लॉटिंग फैक्टर VIII (फैक्टर 8) की पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो पाती है।
3. हीमोफीलिया का मुख्य उपचार रिप्लेसमेंट थेरेपी है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही **नहीं** हैं?

1. केवल एक
2. केवल दो
3. सभी तीन
4. इनमें से कोई भी नहीं

**Correct Answer :** 2

## Explanation

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **हीमोफीलिया के सबसे सामान्य प्रकार को हीमोफीलिया A कहा जाता है। इसका मतलब है कि व्यक्ति में क्लॉटिंग फैक्टर VIII (कारक 8) नहीं है। अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- हीमोफीलिया B कम आम है। हीमोफीलिया B से पीड़ित व्यक्ति में पर्याप्त फैक्टर IX (फैक्टर नौ) नहीं होता है। अतः कथन 2 सही नहीं है।
- हीमोफीलिया का मुख्य उपचार रिप्लेसमेंट थेरेपी है। अतः कथन 3 सही है।

[और पढ़ें...]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/print-quiz/5182